तर्जुमा—आप कहिए कि ऐ अह्ले किताब! तुम हम में कौन-सी बात ऐबदार पाते हो, इसके अलावा कि हम ईमान लाए हैं अल्लाह पर और उस पर जो हमारे पास भेजी गयी है और उस पर जो पहले भेजी जा चुकी है, बावजूद इसके कि तुममें अक्सर लोग ईमान से निकले हुए हैं। आप कहिए कि क्या मैं तुमको ऐसा तरीक़ा बताऊं जो इससे भी खुदा के यहां बदला मिलने में ज़्यादा बुरा हो,

वह उन लोगों का तरीक़ा है जिनको अल्लाह ने दूर कर दिया हो और उन पर ग़ज़ब फ़रमाया हो और उनको बन्दर और सुअर बना दिया हो और उन्होंने शैतान की पूजा की हो। ऐसे लोग मकान के एतबार से भी बहुत बुरे हैं और सीधे रास्ते से भी बहुत दूर हैं।

ख़ासियत—जो शख़्स ना-हक़ तक्लीफ़ देता हो और ज़ुल्म करता हो, तो जुमेरात का रोज़ा रखो और नमाज़ इशा की पढ़ कर इन आयतों को किसी वक़्फ़ी घर की एक मुट्ठी मिट्टी लेकर तीस बार पढ़ कर उस शख़्स के घर में वह मिट्टी छोड़ दो, फिर उसकी जान व माल का तमाशा देख लो।

[illegible]

६. इन्नी तवक्कल्तु अलल्लाहि रब्बी व रब्बिकुम मा मिन दाब्बतिन इल्ला हु व आख़िज़ुम बिनासि य ति हा इन् न रब्बी अला सिरातिम मुस्तक़ीम० फ़ इन तवल्लौ फ़ क़द अब्लग़्तुकुम मा उर्सिल्तु बिही इलैकुम व यस्तख़्लिफ़ु रब्बी क़ौमन ग़ै र कुम व ला तज़ुर् रू न हू शैआ इन् न रब्बी अला कुल्लि शैइन हफ़ीज़० —पारा १२, रुकूअ ५

तर्जुमा—मैंने अल्लाह पर तवक्कुल कर लिया है जो मेरा भी मालिक है और तुम्हारा भी मालिक है। जितने धरती पर चलने वाले हैं, सब की चोटी उसने पकड़ रखी है, यक़ीनन मेरा रब सीधे रास्ते पर (चलने से मिलता) है, फिर अगर (इस बयान के बाद भी) तुम (हक़ के रास्ते से) फिरे रहोगे, तो मैं (तो मजबूर समझा जाऊंगा, क्यों कि) जो पैग़ाम देकर मुझको भेजा गया था, वह तुमको पहुंचा चुका हूं और तुम्हारी जगह मेरा रब दूसरे लोगों को ज़मीन में आबाद कर देगा और उसका तुम कुछ नुक़्सान नहीं कर रहे। बेशक मेरा रब हर चीज़ की निगहदाश्त करता है।

ख़ासियत—जिसको किसी ज़ालिम आदमी या तक्लीफ़ पहुंचाने वाले जानवर का डर हो, उसको ज़्यादा से ज़्यादा पढ़ा करे जब बिस्तर पर लेटे, जब सोये, जब जागे, सुबह के वक़्त, शाम के वक़्त, इन्शा अल्लाहु तआला महफ़ूज़ रहेगा।

७. सूरः रअद (पारा १३)

ख़ासियत—इसको किसी बड़ी नयी रिकाबी पर अंधेरी रात में जिसमें गरज-चमक हो, लिख कर बारिश के पानी से धोकर अंधेरी रात में उस पानी को ज़ालिम हाकिम के दरवाज़े पर छिड़क दे। इन्शाअल्लाहु तआला उसी दिन निकाल दिया जाएगा। इमाम का क़ौल है, जो शख़्स उसको इशा के बाद अंधेरी रात में आग की रोशनी में लिख कर उसी वक़्त ज़ालिम बादशाह या ज़ालिम हाकिम के दरवाज़े पर डाल दे, उसकी रियाया और लश्कर उससे दूर हो जाएं और कोई उसका कहना न माने और उसका दिल ख़ूब तंग हो।

[illegible]

८. फ़ स तज़्कुरू न मा अक़ूलु लकुम व उफ़व्विज़ु अम्री इलल्लाहि इन्नल्ला ह बसीरुम बिल अिबादि० —पारा २४, रुकूअ १०

तर्जुमा—आगे चल कर तुम मेरी बात को याद करोगे और मैं अपना मामला अल्लाह के सुपुर्द करता हूं। अल्लाह तआला सब बन्दों का निगरां है।

ख़ासियत—ज़ालिम के सामने पढ़ने से उसके नुक़्सान से बचा रहेगा।

९. सूरः तग़ाबुन (पारा २८)

ख़ासियत—इस सूरः पढ़ कर किसी ज़ालिम के पास चला जाए तो उसकी बुराई से बचा रहेगा।

१०. अल-जब्बार (दुरुस्त करने वाले)

ख़ासियत—सुबह व शाम २१६ बार पढ़े तो ज़ालिमों की बुराई से बचा रहेगा।

११. अलरक़ीबु (बुलंद करने वाले)

ख़ासियत—सत्तर बार पढ़ने से ज़ालिमों से अम्न हो।

१२. अलख़बीरु (ख़बर रखने वाले)

ख़ासियत—सात दिन तक ज़्यादा से ज़्यादा पढ़ने से छिपी ख़बरें मालूम होने लगेंगी और जो किसी ज़ालिम, तक्लीफ़ पहुंचाने वाले के पंजे में गिरफ़्तार हो, उसको ज़्यादा से ज़्यादा पढ़ने से हालत दुरुस्त हो जाए।

१३. अल-क़वीयु (तवाना)

ख़ासियत—अगर कम हिम्मत पढ़े, हिम्मत वाला हो जाए, अगर कमज़ोर पढ़े, ताक़त वाला हो और अगर मज़्लूम अपने ज़ालिम के मग़्लूब करने को पढ़े, वह मग़्लूब हो जाए।

३. कुफ़्ल कुशा

سورۃ آل عمران ۔ الٓمّٓ ۚ اللَّهُ لَا إِلَٰهَ إِلَّا هُوَ الْحَيُّ الْقَيُّومُ ۝ نَزَّلَ عَلَيْكَ الْكِتَابَ بِالْحَقِّ مُصَدِّقًا لِّمَا بَيْنَ يَدَيْهِ وَأَنزَلَ التَّوْرَاةَ وَالْإِنجِيلَ ۝ مِن قَبْلُ هُدًى لِّلنَّاسِ وَأَنزَلَ الْفُرْقَانَ ۝ (پ۳ ع۹)

१. सूरः आले इम्रान—'अलिफ़-लाम-मीम० अल्लाहु ला इला ह इल्ला हु वल हय्युल क़य्यूम नज़्ज़ ल अलै कल किता ब बिल हक़्क़ि मुसद्दिक़ल्लिमा बै न यदैहि व अन ज़ लत्तौरा त वल इंजी ल मिन क़ब्लु हुदल्लिन्नासि व अन ज़ लल फ़ुर्क़ान० —पारा ३, रुकूअ ९

तर्जुमा—अलिफ़-लाम-मीम० अल्लाह तआला ऐसे हैं कि उनके सिवा कोई इबादत के क़ाबिल नहीं। वह ज़िंदा (हमेशा-हमेशा) हैं, सब चीज़ों के संभालने वाले हैं। अल्लाह तआला ने आपके पास कुरआन भेजा है, सच्चाई के साथ, इस तरह कि वह तस्दीक़ करता है उन (आसमानी) किताबों की, जो इससे पहले नाज़िल हो चुकी हैं और इसी तरह भेजा था तौरेत और इंजील को इससे पहले, लोगों की हिदायत के वास्ते और अल्लाह तआला ने मोजज़े भेजे हैं।

ख़ासियत—हिरन की झिल्ली पर बारीक क़लम से लिख कर अंगूठी के नग के नीचे रख दिया जाए, जो शख़्स वुज़ू करके पहने, जाह व क़ुबूलियत हासिल हो जाए और दुश्मन से बचा रहे।

يُرِيدُونَ أَن يُطْفِئُوا نُورَ اللَّهِ بِأَفْوَاهِهِمْ وَيَأْبَى اللَّهُ إِلَّا أَن يُتِمَّ نُورَهُ وَلَوْ كَرِهَ الْكَافِرُونَ ۝ هُوَ الَّذِي أَرْسَلَ رَسُولَهُ بِالْهُدَىٰ وَدِينِ الْحَقِّ لِيُظْهِرَهُ عَلَى الدِّينِ كُلِّهِ وَلَوْ كَرِهَ الْمُشْرِكُونَ ۝ (پ۱۰ ع۱۱)

२. युरीदू न अंय्युत् फ़िऊ नूरल्लाहि बिअफ़्वाहिहिम व याबल्लाहु इल्ला अंयु युतिम म नू र हू व लौ करिहल काफ़िरून० हुवल्लज़ी अर्स ल रसू ल हू बिल हुदा व दीनिल हक़्क़ि लियुज़्हि र हू अलद्दीनि कुल्लिही व लौ करिहल मुश्रिकून० —पारा १०, रुकूअ ११

तर्जुमा—वे लोग यों चाहते हैं कि अल्लाह के नूर (यानी दीने इस्लाम) को अपने मुंह से बुझा दें, हालांकि अल्लाह तआला इसके अलावा कि अपने नूर को कमाल तक पहुंचा दे, मानेगा नहीं, गो काफ़िर लोग कैसे ही ना-ख़ुश हों। (चुनांचे) वह अल्लाह ऐसा है कि उसने अपने रसूल को हिदायत (का सामान यानी कुरआन मजीद) और सच्चा दीन देकर भेजा है, ताकि उसको बाक़ी तमाम दीनों पर ग़ालिब कर दे, गो मुश्रिक कैसे ही ना-ख़ुश हों।

ख़ासियत—आबगीना के आब ना रसीदा बरतन में ज़ाफ़-

रान व गुलाब से इस आयत को लिख कर ऊद की धूनी देकर रोग़न चंबेली ख़ालिस से उसको धोकर हरी शीशी में उठा रखे। जब किसी के पास जाने की ज़रूरत हो, थोड़ा तेल अपने भवों पर मल कर जाए, इन्शाअल्लाहु तआला क़ुबूलियत व मुहब्बत और इज़्ज़त व जाह लोगों के दिलों में पैदा हो।

وَاذْكُرْ فِي الْكِتَابِ إِدْرِيسَ إِنَّهُ كَانَ صِدِّيقًا نَبِيًّا ۝ وَرَفَعْنَاهُ مَكَانًا عَلِيًّا ۝

(پاره ۱۶ رکوع ۷)

३. वज़्कुर्‌ फ़िल किताबि इद्‌रीस इन्नहू का न सि द्दीक़न नबीया व रफ़अ्‌नाहु मका नन अलीया० —पारा १६, रुकूअ ७

तर्जुमा—और इस किताब में इद्रीस का भी ज़िक्र कीजिए, बेशक वह बड़े दोस्ती वाले नबी थे और हमने उनको (कमालात में) बुलंद रुत्बे तक पहुंचाया।

ख़ासियत—रुत्बे और शान बढ़ने के लिए पीले रेशम के टुकड़े पर ज़ाफ़रान से, जो शहद में हल की गयी हो, लिख कर तावीज़ बना लें और मोम को कन्दुर में गूंध कर उससे तावीज़ को धूनी दें, और बांध लें, हर जगह इज़्ज़त व आबरू हो।

يَا أَيُّهَا النَّبِيُّ إِنَّا أَرْسَلْنَاكَ شَاهِدًا وَمُبَشِّرًا وَنَذِيرًا ۝ وَدَاعِيًا إِلَى اللَّهِ
بِإِذْنِهِ وَسِرَاجًا مُنِيرًا ۝ وَبَشِّرِ الْمُؤْمِنِينَ بِأَنَّ لَهُمْ مِنَ اللَّهِ فَضْلًا كَبِيرًا ۝ وَلَا
تُطِعِ الْكَافِرِينَ وَالْمُنَافِقِينَ وَدَعْ أَذَاهُمْ وَتَوَكَّلْ عَلَى اللَّهِ ۚ وَكَفَىٰ بِاللَّهِ وَكِيلًا ۝

(پاره ۲۲ رکوع ۳)

४. या ऐयुहन्नबीयु इन्ना अर्सल्ना क शाहिदंव व मुबश्शिरंव व नज़ीरं० व दाअियन इलल्लाहि बिइज़्निही व सिराजम मुनीरा० व बश्शिरिल मुअ्‌ मिनी न बि अन न लहुम मिनल्लाहि फ़ज़्लन कबीरा० व ला तुतिअिल काफ़ि री न वल मुनाफ़िक़ी न व दअ्‌ अज़ा-

हुम व त वक्कल अलल्लाहि व कफ़ा बिल्लाहि वकीला०

—पारा २२, रुकूअ ३

तर्जुमा—ऐ नबी! हमने बेशक आपको इस शान का रसूल बना कर भेजा है कि आप गवाह होंगे और आप (मोमिनों के) ख़ुश-ख़बरी देने वाले हैं और (काफ़िरों के) डराने वाले हैं और (सब को अल्लाह की तरफ़ उसके हुक्म से बुलाने वाले हैं) और आप एक रोशन चिराग़ हैं और मोमिनों को बशारत दीजिए कि उन पर अल्लाह की तरफ़ से बड़ा फ़ज़्ल होने वाला है और काफ़िरों और मुनाफ़िक़ों का कहना न कीजिए और उनकी तरफ़ से जो तक्लीफ़ पहुंचे, उसका ख़्याल न कीजिए और अल्लाह पर भरोसा कीजिए। अल्लाह काफ़ी कारसाज़ है।

ख़ासियत—रोग़न चंबेली में मुश्क व ज़ाफ़रान हल करके सुबह की नमाज़ के बाद इन आयतों को सात दिन तक इस पर दम करके शीशी में रख छोड़, भवों और गालों को लगा कर जिसके सामने जाए, वह उसकी इज़्ज़त करे और इज़्ज़त और भले तरीक़े से पेश आए, जो मांगे वह दे और सब पर उसका रौब हो।

५. अल-अज़ीमु (बुज़ुर्ग)

ख़ासियत—ज़्यादा से ज़्यादा ज़िक्र करने से इज़्ज़त और हर मर्ज़ से शिफ़ा हो।

६. अल-जलीलु (बुज़ुर्ग)

ख़ासियत—इसको ज़्यादा से ज़्यादा ज़िक्र करने से या मुश्क व ज़ाफ़रान से लिख कर पास रखने से क़द्र व मंज़िलत ज़्यादा हो।

७. ज़ुल जलालि वल इक्‌रामि (बुज़ुर्गी और इनाम वाला)

ख़ासियत—इसके ज़िक्र करने से इज़्ज़त व बुज़ुर्गी हासिल हो।

९. मुहब्बत के लिए

يُحِبُّهُمْ وَيُحِبُّونَهُۥٓ أَذِلَّةٍ عَلَى ٱلْمُؤْمِنِينَ أَعِزَّةٍ عَلَى ٱلْكَٰفِرِينَ (پ ٦ ع ١٢)

१. युहिब्बुहुम व युहिब्बू न हू अज़िल्लति न अलल मुअ् मि नी न अ अ़िज्ज तिन अल ल काफ़िरीन० —पारा ६, रुकूअ १२

तर्जुमा—जिनसे अल्लाह तआला को मुहब्बत होगी और उनको अल्लाह तआला से मुहब्बत होगी, मेहरबान होंगे वे मुसलमानों पर, तेज होंगे काफ़िर पर।

खासियत—इस आयत को मिठाई पर दम करके खिलाए जिसको खिलाए, इन्शाअल्लाहु तआला उससे मुहब्बत हो जाएगी।

(هُوَ ٱلَّذِىٓ أَيَّدَكَ بِنَصْرِهِۦ وَبِٱلْمُؤْمِنِينَ ۝ وَأَلَّفَ بَيْنَ قُلُوبِهِمْ ۚ لَوْ أَنفَقْتَ مَا فِى ٱلْأَرْضِ جَمِيعًا مَّآ أَلَّفْتَ بَيْنَ قُلُوبِهِمْ وَلَٰكِنَّ ٱللَّهَ أَلَّفَ بَيْنَهُمْ ۚ إِنَّهُۥ عَزِيزٌ حَكِيمٌ ۝ (پ ١ع ٤))

२. हुवल्लज़ी अय्य द क बि नस्रि ही बिल् मुअ्मिनी न व अल ल फ़ बैं न क़ुलूबिहिम लौ अन्फ़क़ त मा फ़िल अर्ज़ि जमीअम मा अल्लफ़ त बैं न क़ुलू बिहिम व लाकिन्नल्ला ह अल्ल फ़ बैं न हुम इन्नहू अज़ीज़ुम हकीम० —पारा १, रुकूअ ४

तर्जुमा—और वही है जिसने आपको अपनी (ग़ैबी) मदद (फ़रिश्तों) से और (ज़ाहिरी मदद) मुसलमानों से ताक़त दी और उनके दिलों में एकता पैदा कर दी और अगर आप दुनिया भर का माल खर्च करते, तब भी उनके दिलों में एकता पैदा न कर सकते। लेकिन अल्लाह ही ने उनमें आपसी एकता पैदा कर दी। बेशक वह ज़बरदस्त हिक्मत वाला है।

खासियत—मुहब्बत के लिए मिठाई पर दम करके खिलाये, दिली मुहब्बत इन्शाअल्लाहु तआला हो जाएगी।

يُوسُفُ أَعْرِضْ عَنْ هَٰذَا ۚ وَٱسْتَغْفِرِى لِذَنۢبِكِ ۖ إِنَّكِ كُنتِ مِنَ ٱلْخَاطِـِٔينَ ۝ وَقَالَ نِسْوَةٌ فِى ٱلْمَدِينَةِ ٱمْرَأَتُ ٱلْعَزِيزِ تُرَٰوِدُ فَتَىٰهَا عَن نَّفْسِهِۦ ۖ قَدْ شَغَفَهَا حُبًّا ۖ إِنَّا لَنَرَىٰهَا فِى ضَلَٰلٍ مُّبِينٍ ۝ (پ ١٢ ع ١٣)

३. यूसुफ़ु अअ्रिज़ अन हाज़ा वस्तग़्फ़िरी लि ज़म्बि कि इन्नकि कुन्ति मिनल ख़ातिईन० व क़ा ल निस्वतुन फ़िल मदी न ति म र अ तुल अ़ज़ीज़ि तुराविदु फ़ता हा अन नफ़्सि ही क़द श ग़ फ़ हा हुब्बन इन्ना ल न राहा फ़ी ज़लालिम मुबीन० —पारा १२, रुकूअ १३

तर्जुमा—ऐ यूसुफ़! इस बात को जाने दो (औरत से कहा) ऐ औरत! तू (यूसुफ़) से अपने क़ुसूर की माफ़ी मांग। बेशक सर ता सर तूही क़ुसूरवार है और कुछ औरतों ने जो कि शहर में रहती थीं, यह बात कही कि अज़ीज़ की बीवी अपने ग़ुलाम को उससे ना-जायज़ मतलब हासिल करने के लिए फुसलाती है। इस ग़ुलाम का इश्क़ उसके दिल में जगह कर गया है। हम तो उसको खुली ग़लती में देखते हैं।

खासियत—यह मुहब्बत की आयतों में से है, जिसकी तर्कीब ऊपर दो जगह गुज़र चुकी है।

إِنِّىٓ أَحْبَبْتُ حُبَّ ٱلْخَيْرِ عَن ذِكْرِ رَبِّى حَتَّىٰ تَوَارَتْ بِٱلْحِجَابِ ۝ رُدُّوهَا عَلَىَّ ۖ فَطَفِقَ مَسْحًۢا بِٱلسُّوقِ وَٱلْأَعْنَاقِ ۝ (پ ٢٣ ع ١٢)

४. इन्नी अह्बब्तु हुब्बल ख़ै रि अन ज़िक्रि रब्बी हत्ता तवारत बिल हिजाबि रुद्दूहा अलय य फ़ तफ़ि क़ मस्हम बिस्सूक़ि वल अअ्-नाक़ि० —पारा २३, रुकूअ १२

तर्जुमा—मैं उस माल की मुहब्बत में अपने रब की याद से ग़ाफ़िल हो गया, यहां तक कि सूरज (पश्चिम) के पर्दे में छिप गया।

(फिर नौकरों-चाकरों को हुक्म दिया कि इन घोड़ों को जरा फेर कर मेरे सामने लाओ। उन्होंने उनकी पिंडलियों और गरदनों पर (तलवार से) हाथ साफ़ करना शुरू कर दिया।

ख़ासियत—मुहब्बत की आयतों में से है। तर्कीब ऊपर गुज़र चुकी है।

واعتصموا بحبل الله جميعا ولا تفرقوا واذكروا نعمت
الله عليكم اذ كنتم اعداء فالف بين قلوبكم فاصبحتم بنعمته اخوانا وكنتم
على شفا حفرة من النار فانقذكم منها كذلك يبين الله لكم آياته لعلكم
تهتدون ۝ ولتكن منكم امة يدعون الى الخير ويامرون بالمعروف وينهون
عن المنكر واولئك هم المفلحون ۝

५. वअ़्त सिमू बिहब्लिल्लाहि······व उलाइ क हुमुल मुफ़्लिहून० —पारा ४, रुकूअ़ ८

तर्जुमा—और मजबूत पकड़े रहो अल्लाह तआ़ला के सिलसिले को इस तौर पर कि आपस में सब मिल कर रहो और बाहम ना-इत्तिफ़ाक़ी मत करो और तुम पर जो अल्लाह तआ़ला का इनाम है, उसको याद करो, जब कि तुम (आपस में) दुश्मन थे। पस अल्लाह तआ़ला ने तुम्हारे दिलों में मुहब्बत डाल दी, सो तुम अल्लाह तआ़ला के इनाम से आपस में भाई-भाई हो गये और तुम लोग दोजख़ के गढ़े के किनारे पर थे, सो उससे अल्लाह तआ़ला ने तुम्हारी जान बचा दी। इसी तरह अल्लाह तआ़ला तुम लोगों को अपने अह्काम बयान करके बतलाते रहते हैं ताकि तुम लोग राह पर रहो और तुम में एक जमाअ़त ऐसा होना ज़रूरी है कि जो ख़ैर की तरफ़ बुलाया करें और नेक कामों के करने को कहा करें और बुरे कामों से रोका करें और ऐसे लोग (आख़िरत में) पूरे कामियाब होंगे।

ख़ासियत—अगर बढ़ते महीने में पीर के दिन हिरन की झिल्ली पर तूत के अ़र्क़ से लिख कर आख़िर में 'या मुअ़ल्लिफ़ल क़ुलूबि अल्लिफ़ बै न फ़्ला निन व फ़्लानिन, लिखे और फ़्लां-फ़्लां की जगह उन दोनों शख़्सों के नाम लिखे, जिनमें मुहब्बत पैदा करना मंज़ूर हो और तालिब के बाज़ू वग़ैरह पर बांध दे, मतलूब मेहरबान हो जाएगा, अगर दुश्मनी हुई, दोस्ती में बदल जाएगी, अगर ग़ज़बनाक होगा, मेहरबान हो जाएगा और इक़बाल व जाह मयस्सर होगा और अगर उसको बाइज़ अपने पास रखे, उसका वाज़ मक़बूल व असर वाला हो।

ونزعنا ما في صدورهم من غل تجري من تحتهم الانهار وقالوا الحمد لله الذي
هدانا لهذا وما كنا لنهتدي لولا ان هدانا الله لقد جاءت رسل ربنا
بالحق ونودوا ان تلكم الجنة اورثتموها بما كنتم تعملون ۝

६. व नज़अ़्ना मा······कुन्तुम तअ़्मलून०—पारा ८, रुकूअ़ १२

तर्जुमा—और जो कुछ उनके दिलों में ग़ुबार था, हम उसको दूर कर देंगे, उनके नीचे नहरें जारी होंगी और वे लोग कहेंगे कि अल्लाह का लाख-लाख एहसान है, जिसने हमको इस मक़ाम तक पहुंचाया और कभी पहुंच (यहां तक) न होती, अगर अल्लाह तआ़ला हमको न पहुंचाते। वाक़ई हमारे रब के पैग़म्बर सच्ची बातें लेकर आए थे और उनसे पुकार कर कहा जाएगा कि यह जन्नत तुम को दी गयी है तुम्हारे अमलों के बदले।

ख़ासियत—नये तराशे क़लम से मिठाई पर लिख कर जिन लोगों में दुश्मनी और अदावत और ना-इत्तिफ़ाक़ी हो, उनको खिलाने से मुहब्बत व इत्तिफ़ाक़ पैदा हो जाए। इसी तरह ख़ुरमा या इंजीर या बेरी पर लिख कर खिलाने से भी असर होता है।

७. सुरतुल क़द्र (पारा ३०)

ख़ासियत—जिससे मुहब्बत हो, उसके सर के बाल ······

कर यह सूर: पढ़े तो कोई ना-गवार बात उससे न हो।

८. 'श्ररहमानिर्रहीम' लिख कर पानी से धोकर वह पानी कि[सी] पेड़ की जड़ में डाल दें, उसके फल में बरकत पैदा हो और अगर कि[सी] को घोल कर पिलाए, उसके दिल में लिखने वाले की मुहब्बत पैदा हो[,] इसी तरह अगर तालिब और मतलूब का नाम मय वालिदा के लिखे[,] उसकी मुहब्बत में परेशान हो, बशर्ते कि जायज़ मुहब्बत हो।

९. अल-क़वीउ (बड़े)

ख़ास्सियत—ज़्यादा से ज़्यादा ज़िक्र करने से इल्म व मारफ़[त] का दरवाज़ा खुले और अगर खाने की चीज़ पर पढ़ कर मियां-बीवी को खिलाया जाए तो आपस में मुहब्बत हो।

१०. अल-वदूदु (दोस्तदार)

ख़ास्सियत—अगर खाने पर एक हज़ार बार पढ़ कर बीवी के साथ खाये तो मुहब्बत करने लगे और फ़रमांबरदार हो जाए।

११. अल-वलीयु (मदद करने वाले)

ख़ास्सियत—जो ज़्यादा से ज़्यादा पढ़े, महबूब हो जाए और जिसको कोई मुश्किल पेश आये, जुमा की रात में हज़ार बार पढ़े, मुश्किल आसान हो जाए।

५. अपना हक़ वसूल करने के लिए

१. अल-मुज़िल्लु (ज़िल्लत देने वाले)

ख़ास्सियत—७५ बार पढ़ कर सज्दा में चला जाए, फि[र] दुआ करे तो जलने वाले की जलन से बचा रहे और जिसका हक़ दूसरे के ज़िम्मे आता हो, वह उसमें टाल-मटोल करता हो, तो उस को ज़्यादा से ज़्यादा पढ़ने से वह उसका हक़ अदा कर दे।

६. सब का प्रिय बनने के लिए

فالق الإصباح ۚ وجعل الليل سكنا والشمس والقمر حسبانا

تقدير العزيز العليم ۝ وهو الذي جعل لكم النجوم لتهتدوا بها في
ظلمات البر والبحر ۗ قد فصلنا الآيات لقوم يعلمون ۝

१. फ़ालिक़ुल इस्बाहि व ज अ लल्लै ल स क नंव्व श्शम स वल क़ म र हुस्बाना ज़ालि क तक़्दीरुल अज़ीज़िल अलीम॰ व हुव-ल्लज़ी ज अ ल लकुमुन्नुजू म लि तह त दू बिहा फ़ी ज़ुलु मा तिल बर्रि व ल बह्रि क़द फ़ स्सल् नल आयाति लि क़ौमिंय्यअ्लमून॰

—पारा ७, रुकूअ १८

तर्जुमा—अल्लाह तआला सुबह का निकालने वाला है और उसने रात को राहत की चीज़ बनायी है और सूरज और चांद (की रफ़्तार) को हिसाब से रखा है, यह ठहराई हुई बात है, ऐसी ज़ात जो कि क़ादिर है, बड़े इल्म वाला है और वह (अल्लाह) ऐसा है जिसने तुम्हारे (फ़ायदे के) लिए सितारों को पैदा किया ताकि तुम उनके ज़रिए से अंधेरों में और ख़ुश्की में भी और दरिया में भी रास्ता मालूम कर सको। बेशक हमने (ये) दलीलें ख़ूब खोल-खोल कर बयान कर दी, उन लोगों के लिए जो ख़बर रखते हैं।

ख़ास्सियत—अगर लाजवरद के नगीं पर बुध के दिन खुदवा करके अंगूठी पहने, हर तरह की ज़रूरत पूरी हो और क़ुबूलियत और मुहब्बत और डर लोगों की नज़र में पैदा हो।

وإن يريدوا أن يخدعوك فإن حسبك الله ۚ هو الذي أيدك
بنصره وبالمؤمنين ۝ وألف بين قلوبهم ۚ لو أنفقت ما في الأرض جميعا
ما ألفت بين قلوبهم ولكن الله ألف بينهم ۚ إنه عزيز حكيم ۝

२. व इं य्युरीदू अंय्यख़्दऊ क फ़ इन्न हस्ब क ल्लाहु हुवल्लज़ी अय्य द क बिनस्रिही व बिल् मुअ् मिनी न॰ व अल ल फ़ बै न क़ुलू-बिहिम लौ अन्फ़क़्त मा फ़िल अर्ज़ि जमीअन मा अल्लफ़्त बै न क़ुलू-

बिहिम व ला किन्ना ह अल्ल फ़ बैनहुम इन्नहू अज़ीज़ुन हकीम०

—पारा १०, रुकूम ४

तर्जुमा—अगर वे लोग आपको धोखा देना चाहें, तो अल्लाह तआला आपके लिए काफ़ी हैं और वही है जिसने आपको अपनी मदद से और मुसलमानों से ताक़त दी और उनके दिलों में एका पैदा कर दिया और अगर आप दुनिया भर का माल खर्च करते, तब भी उनके दिलों में इत्तिफ़ाक़ पैदा न कर सकते, लेकिन अल्लाह ही ने उनमें एका पैदा कर दिया। बेशक वह ज़बरदस्त हिक्मत वाले हैं।

(ख़ासियत—जो शख़्स रमज़ान के पहले जुमा में ज़ुहर व अस्र के दर्मियान इस आयत को वुज़ू करके तीन रंग यानी हरे, पीले और लाल टुकड़ों पर लिख कर वे टुकड़े टोपी की गोट में लगा कर एहतियात से रख दे, ज़रूरत के वक़्त पहन कर जहां जाए, इज़्ज़त व हैबत व मुहब्बत से लोग पेश आएं।)

وَلَقَدْ جَعَلْنَا فِي السَّمَاءِ بُرُوجًا وَزَيَّنَّاهَا لِلنَّاظِرِينَ ○ وَحَفِظْنَاهَا مِن
كُلِّ شَيْطَانٍ رَّجِيمٍ ○ (پ ١٤ ع ٢)

३. व ल क़ द जअ़ल्ना फ़िस्समा इ बुरूजंव व ज़य्यन्नाहा लिन्ना-ज़िरील० व हफ़िज़्ना हा मिन कुल्लि शैतानिर्रजीम०

—पारा १४, रुकूम २

तर्जुमा—और बेशक हमने आसमान में बड़े बड़े सितारे पैदा किए और देखने वालों के लिए उसको सजाया और उसको हर शैताने मरदूद से महफ़ूज़ फ़रमाया—

ख़ासियत—नगीं पर खुदवा करके या हिरन की झिल्ली पर लिख कर पहनने से जाह व क़ुबूलियत के लिए बहुत असर रखती है।

طٰهٰ ○ مَا أَنزَلْنَا عَلَيْكَ الْقُرْآنَ لِتَشْقَىٰ ○ إِلَّا تَذْكِرَةً لِّمَن يَخْشَىٰ ○
تَنزِيلًا مِّمَّنْ خَلَقَ الْأَرْضَ وَالسَّمَاوَاتِ الْعُلَى ○ الرَّحْمَٰنُ عَلَى الْعَرْشِ اسْتَوَىٰ ○

لَهُ مَا فِي السَّمَاوَاتِ وَمَا فِي الْأَرْضِ وَمَا بَيْنَهُمَا وَمَا تَحْتَ الثَّرَىٰ ○ وَإِن تَجْهَرْ بِالْقَوْلِ
فَإِنَّهُ يَعْلَمُ السِّرَّ وَأَخْفَى ○ اللَّهُ لَا إِلَٰهَ إِلَّا هُوَ لَهُ الْأَسْمَاءُ الْحُسْنَىٰ ○ (پ ١٦ ع ١٠)

४. त्वाहा—अस्माउल हुस्ना०

—पारा १६, रुकूम १०

तर्जुमा—त्वाहा! हमने आप पर क़ुरआन मजीद इस लिए नहीं उतारा कि आप तक्लीफ़ उठाएं बल्कि ऐसे शख़्स की नसीहत के लिए जो (अल्लाह से) डरता हो। यह उसकी तरफ़ से नाज़िल किया गया है, जिसने ज़मीन को और बुलंद आसमान को पैदा किया है (और) वह बड़ी रहमत वाला अर्श पर क़ायम है। उसी की मिल्क है, जो चीज़ें ज़मीन पर हैं और जो चीज़ें इन दोनों के दर्मियान हैं और जो चीज़ें तहतस्सरा में हैं। (उसके इल्म की यह शान है कि) अगर तुम पुकार कर बात कहो तो वह चुपके से कही हुई बात को और उससे ज़्यादा खफ़ी को जानता है, (वह अल्लाह ऐसा है कि उसके सिवा कोई माबूद नहीं, उसके अच्छे-अच्छे नाम हैं।

(ख़ासियत—संग मरमर या चीनी या बिल्लौर के बर्तन में मुश्क व काफ़ूर व गुलाब से लिख कर रोग़न बान से धोकर उसमें थोड़ा अंबर व काफ़ूर को बढ़ा करके खुश्बू बना लें, पेशानी और भवों पर मल कर जिसके सामने होगा, वह उसकी इज़्ज़त व आदर करे।)

اللَّهُ نُورُ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ ۚ مَثَلُ نُورِهِ كَمِشْكَاةٍ فِيهَا مِصْبَاحٌ ۖ
الْمِصْبَاحُ فِي زُجَاجَةٍ ۖ الزُّجَاجَةُ كَأَنَّهَا كَوْكَبٌ دُرِّيٌّ يُوقَدُ مِن شَجَرَةٍ مُّبَارَكَةٍ
زَيْتُونَةٍ لَّا شَرْقِيَّةٍ وَلَا غَرْبِيَّةٍ يَكَادُ زَيْتُهَا يُضِيءُ وَلَوْ لَمْ تَمْسَسْهُ نَارٌ ۚ نُّورٌ
عَلَىٰ نُورٍ ۗ يَهْدِي اللَّهُ لِنُورِهِ مَن يَشَاءُ ۚ وَيَضْرِبُ اللَّهُ الْأَمْثَالَ لِلنَّاسِ ۗ وَ
اللَّهُ بِكُلِّ شَيْءٍ عَلِيمٌ ○ فِي بُيُوتٍ أَذِنَ اللَّهُ أَن تُرْفَعَ وَيُذْكَرَ فِيهَا اسْمُهُ
يُسَبِّحُ لَهُ فِيهَا بِالْغُدُوِّ وَالْآصَالِ ○ رِجَالٌ لَّا تُلْهِيهِمْ تِجَارَةٌ وَلَا بَيْعٌ عَن ذِكْرِ

اللّٰهِ وَإِقَامِ الصَّلٰوةِ وَإِيْتَآءِ الزَّكٰوةِ يَخَافُوْنَ يَوْمًا تَتَقَلَّبُ فِيْهِ الْقُلُوْبُ وَ
الْأَبْصَارُ لِيَجْزِيَهُمُ اللّٰهُ أَحْسَنَ مَا عَمِلُوْا وَيَزِيْدَهُمْ مِّنْ فَضْلِهِ وَاللّٰهُ يَرْزُقُ
مَنْ يَّشَآءُ بِغَيْرِ حِسَابٍ ۝

५. अल्लाहु नूरुस्समावाति—मंय्य शाउ बिग़ैरि हिसाब०

—पारा १८, रुकूअ ११

ख़ासियत—सब के क़ुबूल करने के लिए नहा कर जुमेरात व जुमा का रोज़ा रखे और जुमा के दिन अस्र से पहले क़िब्ले की तरफ़ मुंह करके पहले सूरः यासीन पढ़े, फिर ये आयतें हिरन की झिल्ली पर दीनदार आलिम की दावात की स्याही से लिख कर उस को लपेट कर अस्र की नमाज़ पढ़ो और तावीज़ हाथ में लेकर सूरः कह्फ़ पढ़े और तावीज़ हिफ़ाज़त से उठा रखे, जो शख्स अपने पास रखेगा, आम मक़्बूलियत उसे हासिल होगी।

६. सूरः मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) (पारा २६)

ख़ासियत—लिखकर ज़मज़म के पानी से धोकर पीने से लोगों के नज़र में महबूब हो जाए, जो बात सुने, याद रहे। उसके पानी से ग़ुस्ल करना तमाम मर्ज़ों को दूर करता है।

७. अल-अद्लु (इन्साफ़ करने वाले)

ख़ासियत—जुमा की रात में रोटी के तीस टुकड़ों पर उस को लिखकर खाने से लोगों के दिल क़ाबू में आ जायं।

८. अल-करीम (बख्शिश करने वाले)

ख़ासियत—सोते वक़्त ज़्यादा से ज़्यादा पढ़ा करे तो लोगों के दिलों में उसकी इज़्ज़त पैदा हो।

الٓرٰ تِلْكَ اٰيٰتُ الْكِتٰبِ الْحَكِيْمِ ۝ أَكَانَ لِلنَّاسِ عَجَبًا أَنْ أَوْحَيْنَآ إِلٰى
رَجُلٍ مِّنْهُمْ أَنْ أَنْذِرِ النَّاسَ وَبَشِّرِ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا أَنَّ لَهُمْ قَدَمَ صِدْقٍ عِنْدَ

رَبِّهِمْ قَالَ الْكٰفِرُوْنَ إِنَّ هٰذَا لَسٰحِرٌ مُّبِيْنٌ ۝ إِنَّ رَبَّكُمُ اللّٰهُ الَّذِيْ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ
وَالْأَرْضَ فِيْ سِتَّةِ أَيَّامٍ ثُمَّ اسْتَوٰى عَلَى الْعَرْشِ يُدَبِّرُ الْأَمْرَ مَا مِنْ شَفِيْعٍ إِلَّا
مِنْ بَعْدِ إِذْنِهِ ذٰلِكُمُ اللّٰهُ رَبُّكُمْ فَاعْبُدُوْهُ أَفَلَا تَذَكَّرُوْنَ ۝

९. अलिफ़-लाम-रा—अ फ़ ला तज़क्करून०

—पारा ११, रुकूअ ६

ख़ासियत—जो चाहे कि लोग मेरे क़ाबू में आ जाएं तो शाबान के महीने में अय्यामे बीज़ (१३-१४-१५) के रोज़े रखे। आख़िरी रोज़ा सिरका व साग और जौ की रोटी और नमक से इफ़्तार करे और मग़रिब से इशा तक अल्लाह के ज़िक्र और दरूद शरीफ़ में मश्ग़ूल रहे और इशा पढ़कर भी तस्बीह व तक़्दीस में जब तक चाहे, लगा रहे। फिर ये आयतें आस के पानी और ज़ाफ़रान से एक काग़ज़ पर लिखकर सर के नीचे रखकर सो रहे। सुबह को नमाज़ पढ़कर उस पर्चे को लेकर जिसके पास जाएगा, उसकी क़द्र व मंज़िलत करेगा और जो बात कहेगा, वह दुरुस्त होगी।

१०. अल-मुह्सी (घेरने वाले)

ख़ासियत—अगर रोटी के बीस टुकड़ों पर बीस बार पढ़े तो लोग क़ाबू में आयें।

७. आल-औलाद का फ़रमांबरदार होना

وَأَصْلِحْ لِيْ فِيْ ذُرِّيَّتِيْ إِنِّيْ تُبْتُ إِلَيْكَ وَإِنِّيْ مِنَ الْمُسْلِمِيْنَ ۝

१. वस्लिह ली फ़ी ज़ुर्रीयती इन्नी तुब्तु इलै क व इन्नी मिनल मुस्लिमीन०

—पारा २६, रुकूअ २

तर्जुमा—और मेरी औलाद में भी मेरे लिए सलाहियत पैदा कर दीजिए। मैं आपकी जनाब में तौबा करता हूं और मैं आप

का फ़रमांबरदार हूं।

खासियत—जिसकी औलाद नाफ़रमान हो, वह इस आयत को हर नमाज़ के बाद पढ़ा करे। इन्शाअल्लाहु तआला सालेह हो जाएगी। पढ़ने के वक़्त 'जुर्रीयती' के लफ़्ज़ पर अपनी औलाद का ख़्याल रखे।

२. अश्शहीदु (बड़े मौजूद)

खासियत—अगर ना-फ़रमान औलाद या बीवी की पेशानी पकड़कर उसको पढ़े या हज़ार बार पढ़कर दम कर दे, वे फ़रमांबरदार हो जायेंगे।

८. राज़ मालूम करने के लिए

يَا بَنِي إِسْرَائِيلَ اذْكُرُوا نِعْمَتِيَ الَّتِي أَنْعَمْتُ عَلَيْكُمْ وَأَوْفُوا بِعَهْدِي أُوفِ بِعَهْدِكُمْ وَإِيَّايَ فَارْهَبُونِ ○ وَآمِنُوا بِمَا أَنْزَلْتُ مُصَدِّقًا لِمَا مَعَكُمْ وَلَا تَكُونُوا أَوَّلَ كَافِرٍ بِهِ وَلَا تَشْتَرُوا بِآيَاتِي ثَمَنًا قَلِيلًا وَإِيَّايَ فَاتَّقُونِ ○ وَلَا تَلْبِسُوا الْحَقَّ بِالْبَاطِلِ وَتَكْتُمُوا الْحَقَّ وَأَنْتُمْ تَعْلَمُونَ ○

१. या बनी इस्राईल लज़कुरू······व अन्तुम तअलमून०

—पारा १, रुकूअ ५

खासियत—नाबालिग लड़की के बदन के कपड़े पर पीर की रात में जब पांच घंटे रात गुज़र जाए, इन आयतों को लिखकर सोई हुई औरत के सीने पर रख दें तो जो कुछ उसने किया होगा सब बतला देगी, मगर यह उसी जगह जायज़ है जहां शरओ तौर पर तजस्सुस (इन्क्वायरी) जायज़ हो, वरना हराम है।

وَإِذْ قَتَلْتُمْ نَفْسًا فَادَّارَأْتُمْ فِيهَا وَاللَّهُ مُخْرِجٌ مَا كُنْتُمْ تَكْتُمُونَ ○ فَقُلْنَا اضْرِبُوهُ بِبَعْضِهَا كَذَٰلِكَ يُحْيِي اللَّهُ الْمَوْتَىٰ وَيُرِيكُمْ آيَاتِهِ لَعَلَّكُمْ تَعْقِلُونَ ○

२. व इज़ क़तल्तुम नफ़्सन फ़द्दारअतुम फ़ीहा वल्लाहु मुख्रिजुम मा कुन्तुम तक्तुमून० फ़कुल्नज़्रिबूहु बिबअ्ज़िहा कज़ालि क युह्यिल्लाहुल मौता व युरीकुम आयातिही लअल्लकुम तअ्क़िलून०

—पारा १, रुकूअ ६

तर्जुमा—और जब तुमने एक आदमी का ख़ून कर दिया, फिर एक दूसरे पर उसको डालने लगे और अल्लाह तआला के इस अम्र का ज़ाहिर करना मंज़ूर था, जिसको तुम छिपाना चाहते थे। इसलिए हमने हुक्म दिया कि इसको उसके किसी टुकड़े से छिपा दो। इसी तरह हक़ तआला (क़ियामत में) मुर्दों को ज़िंदा कर देंगे और अल्लाह तआला अपनी (क़ुदरत की) नज़ीरें तुमको दिखलाते हैं, इस उम्मीद पर कि तुम अक़्ल से काम करो।

खासियत—सोते आदमी से राज़ मालूम करने के लिए, मगर जिस जगह मालूम करना शरअन जायज़ हो।

९. जुदाई से बचने के लिए

१. अल-मुह्यी (ज़िंदा करने वाले)

खासियत—जिसको किसी से जुदाई का डर या क़ैद का ख़तरा हो, इसको ज़्यादा से ज़्यादा पढ़े।

१०. सरकश ग़ुलाम के लिए

إِنِّي تَوَكَّلْتُ عَلَى اللَّهِ رَبِّي وَرَبِّكُمْ مَا مِنْ دَابَّةٍ إِلَّا هُوَ آخِذٌ بِنَاصِيَتِهَا إِنَّ رَبِّي عَلَىٰ صِرَاطٍ مُسْتَقِيمٍ ○

१. इन्नी तवक्कल्तु अलल्लाहि रब्बी व रब्बिकुम मा मिन दाब्बतिन इल्ला हु व आख़िज़ुम बिनासि यतिहा इन न रब्बी अला सिरातिम मुस्तक़ीम०

—पारा १२, रुकूअ ५

तर्जुमा—मैंने अल्लाह पर तवक्कुल कर लिया है, जो मेरा भी मालिक है और तुम्हारा भी मालिक है, जितने धरती पर चलने वाले हैं, सब की चोटी उसने पकड़ रखी है। यक़ीनन मेरा रब सीधे रास्ते पर (चलने से मिलता) है।

ख़ासियत—अगर कोई लौंडी या गुलाम सरकश हो तो बाल पेशानी के पकड़कर तीन बार इसको पढ़ें और उस पर दम करे, इन शाअल्लाहु तआला फ़रमांबरदार और क़ाबू में हो जाएगा।

११. खाना वीरानी के लिए

فَلَمَّا نَسُوا مَا ذُكِّرُوا بِهٖ فَتَحْنَا عَلَيْهِمْ اَبْوَابَ كُلِّ شَيْءٍ ۭ حَتّٰۗي اِذَا فَرِحُوْا بِمَاۤ اُوْتُوْۤا اَخَذْنٰهُمْ بَغْتَةً فَاِذَا هُمْ مُّبْلِسُوْنَ ۝ فَقُطِعَ دَابِرُ الْقَوْمِ الَّذِيْنَ ظَلَمُوْا ۭ وَالْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ۝

१. फ लम्मा नसू मा……वल् हम्दु लिल्लाहि रब्बिल आलमीन०

—पारा ७, रुकूअ ११

तर्जुमा—फिर जब वे लोग इन चीज़ों को भूले रहे, जिनकी उनको नसीहत की जाती थी, तो हमने उन पर हर चीज़ के दरवाज़े खोल दिए, यहां तक कि जब उन चीज़ों पर जो कि उनको मिली थीं वे खूब इतरा गए, हमने उनको यकायकी पकड़ लिया, फिर तो बिल्कुल हैरतज़दा रह गये, फिर ज़ालिम (काफ़िर) लोगों की जड़ (तक) कट गई और अल्लाह का शुक्र है, जो तमाम आलम का परवरदिगार है।

○

जादू, जिन्न, आसेब और तक्लीफ़ देने वाले जानवरों से हिफ़ाज़त

१. जिन्न व इन्स से हिफ़ाज़त

اَللّٰهُ لَاۤ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۚ اَلْحَيُّ الْقَيُّوْمُ ۥ لَا تَاْخُذُهٗ سِنَةٌ وَّلَا نَوْمٌ ۭ لَهٗ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۭ مَنْ ذَا الَّذِيْ يَشْفَعُ عِنْدَهٗۤ اِلَّا بِاِذْنِهٖ ۭ يَعْلَمُ مَا بَيْنَ اَيْدِيْهِمْ وَمَا خَلْفَهُمْ ۚ وَلَا يُحِيْطُوْنَ بِشَيْءٍ مِّنْ عِلْمِهٖۤ اِلَّا بِمَا شَاۗءَ ۚ وَسِعَ كُرْسِيُّهُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ ۚ وَلَا يَـــــُٔـوْدُهٗ حِفْظُهُمَا ۚ وَهُوَ الْعَلِيُّ الْعَظِيْمُ ۝

१. अल्लाहु ला इला ह इल्ला हु व से व हुवल अलीयुल अज़ीम० तक

—पारा ३, रुकूअ २

तर्जुमा—अल्लाह तआला (ऐसा है कि) उसके सिवा कोई इबादत के क़ाबिल नहीं, ज़िंदा है, संभालने वाला है, न उसको ऊंघ दबा सकती है, न नींद। उसी के मम्लूक हैं सब, जो कुछ आसमानों में है और जो कुछ ज़मीन में है। ऐसा कौन शख़्स है, जो उसके पास (किसी की) सिफ़ारिश कर सके, उसकी इजाज़त के बग़ैर, वह जानता है उनके तमाम हाज़िर व ग़ायब हालात को और वे मौजूदात उसकी मालूमात में से किसी चीज़ को अपने अहाता-ए-इल्मी में नहीं ला सकते, मगर जिस क़दर (इल्म देना वही) चाहे, उसकी कुर्सी ने सब आसमानों और ज़मीन को अपने अन्दर ले रखा है और अल्लाह तआला को उन दोनों की हिफ़ाज़त कुछ बोझ नहीं गुज़रती और वह आलीशान है।

ख़ासियत—आयतल कुर्सी को जो शख़्स हर नमाज़ के बाद एक बार पढ़ ले, इन्शाअल्लाह तआला उसके पास शैतान न आएगा, क्योंकि उसने इक़रार किया है कि जो शख़्स आयत कुर्सी पढ़ता है, मैं उसके पास नहीं जाता।

२. सूरतुल मुअव्वज़तैन (पारा ३०)

ख़ासियत—हर क़िस्म के दर्द, बीमारी व जादू व नज़र वग़ैरह के लिए पढ़ना और दम करना और लिख कर बांधना फ़ायदेमंद है और सोते वक़्त पढ़ने से हर क़िस्म की आफ़त से बचा रहे और अगर उसको लिख कर बच्चों के बांध दे तो उम्मुस्सिबयान वग़ैरह से हिफ़ाज़त रहे और अगर हाकिम के सामने जाते के वक़्त पढ़ ले, तो उसकी बुराई से बचा रहे।

३. सूरः इख़्लास (पारा ३०)

ख़ासियत—अगर ख़रगोश की झिल्ली पर लिख कर अपने पास रख ले तो कोई इंसान और जिन्न और तक्लीफ़ पहुंचाने वाला जानवर उसके पास न आए।

४. एक बुज़ुर्ग से नक़्ल किया गया है कि जंगल में एक बकरी देखी, जिससे भेड़िया खेल रहा था। यह पास गये तो भेड़िया भाग गया। देखते क्या हैं कि इस बकरी के गले में कोई तावीज़ है, खोल कर देखा तो उस में ये आयतें निकलीं—

وَلَا يَئُودُهُ حِفْظُهُمَا وَهُوَ الْعَلِيُّ الْعَظِيمُ ۞ فَاللَّهُ خَيْرٌ حَافِظًا وَهُوَ أَرْحَمُ
الرَّاحِمِينَ ۞ وَحِفْظًا مِنْ كُلِّ شَيْطَانٍ مَارِدٍ ۞ وَحَفِظْنَاهَا مِنْ كُلِّ شَيْطَانٍ رَجِيمٍ ۞
وَحِفْظًا ذَٰلِكَ تَقْدِيرُ الْعَزِيزِ الْعَلِيمِ ۞ إِنْ كُلُّ نَفْسٍ لَمَّا عَلَيْهَا حَافِظٌ ۞ إِنَّ بَطْشَ رَبِّكَ
لَشَدِيدٌ ۞ إِنَّهُ هُوَ يُبْدِئُ وَيُعِيدُ ۞ وَهُوَ الْغَفُورُ الْوَدُودُ ۞ ذُو الْعَرْشِ الْمَجِيدُ ۞ فَعَّالٌ
لِمَا يُرِيدُ ۞ هَلْ أَتَاكَ حَدِيثُ الْجُنُودِ ۞ فِرْعَوْنَ وَثَمُودَ ۞ بَلِ الَّذِينَ كَفَرُوا فِي

تَكْذِيبٍ ۞ وَاللَّهُ مِنْ وَرَائِهِمْ مُحِيطٌ ۞ بَلْ هُوَ قُرْآنٌ مَجِيدٌ ۞ فِي لَوْحٍ مَحْفُوظٍ ۞

व ला यऊदुहू हिफ़्ज़ु हुमा व हु व ल अलीयुल अज़ीम० फ़ल्लाहु ख़ैरुन हाफ़िज़ंव व हु व अर्हमुर्राहिमीन व हिफ़्ज़म मिन कुल्लि शैतानिम मारिद० व हफ़िज़्नाहा मिन कुल्लि शैतानिर्रजीम० व हिफ़्ज़न ज़ालि क तक़्दीरुल अज़ीज़िल अलीम० इन कुल्लु नफ़्सिल्लम्मा अलैहा हाफ़िज़० इन न बत् श रब्बि क ल शदीद० इन्नहू हु व युब्दिउ व युईद० व हुवल ग़फ़ूरुल वदूदु ज़ुल अर्शि ल मजीद० फ़अ़्आ़लुल लिमा युरीद हल अता क हदीसुल जुनूदि फ़िरऔ न व समूद बलिल्लज़ी न क फ़ रू फ़ी तक्ज़ीबिं व वल्लाहु मिंव व राइहिम मुहीत० बल हु व कुरआनुम मजीदुन फ़ी लौहिम महफ़ूज़०

जो शख़्स इनको लिख कर अपने पास रखे, उसको कोई तक्लीफ़ न पहुंचे।

५. अल-क़ह्हारु (बड़े ग़ालिब)

ख़ासियत—ज़्यादा से ज़्यादा ज़िक्र करने से दुनिया की मुहब्बत और अल्लाह के अलावा की बड़ाई दिल से जाती रहे और दुश्मनों पर ग़लबा हो और अगर चीनी के बर्तन पर लिख कर ऐसे आदमी को पिलाया जाए, जो जादू की वजह से औरत पर क़ुदरत न रख पाता हो, जादू दूर हो।

२. जादू दूर करने के लिए

فَلَمَّا أَلْقَوْا قَالَ مُوسَىٰ مَا جِئْتُمْ بِهِ السِّحْرُ ۖ إِنَّ اللَّهَ سَيُبْطِلُهُ ۖ إِنَّ اللَّهَ
لَا يُصْلِحُ عَمَلَ الْمُفْسِدِينَ ۞ وَيُحِقُّ اللَّهُ الْحَقَّ بِكَلِمَاتِهِ وَلَوْ كَرِهَ الْمُجْرِمُونَ ۞

(پ ۱۱ رکوع ۱۳)

१. फ़ लम्मा अल्क़ौ क़ा ल मूसा मा जिअ्तुम बिहिस्सिहरु इन्नल्ला ह स युब्ति लु हू इन्नल्ला ह ला युस्लिहु अ म लल मुफ़्सि-

दीन० व युहिक़्क़ुल्लाहु ल हक़्क़ बिकलिमाति ही व लौ करिहल काफ़िरून०

—पारा ११, रुकूअ १३

तर्जुमा—सो जब उन्होंने (अपना जादू का सामान) डाला तो मूसा (अलैहिस्सलाम) ने फ़रमाया कि जो कुछ तुम (बना कर) लाये हो, जादू है। यक़ीनी बात है कि अल्लाह तआला इस (जादू) को दरहम-बरहम किए देता है (क्योंकि) अल्लाह तआला ऐसे फ़सादियों का काम बनने नहीं देता और अल्लाह तआला सही दलील (यानी मोजज़े) को अपने वायदों के मुवाफ़िक़ साबित कर देता है, गो मुजरिम (और काफ़िर) लोग कैसा ही ना-गवार समझें।

ख़ासियत—जादू के लिए बहुत आज़माया हुआ है। जिस पर किसी ने जादू किया हो, इन आयतों को लिख कर उसके गले में डालें या तश्तरी पर लिख कर पिलाएं, इन्शाअल्लाहु तआला तन्दुरुस्त हो जाएगा।

يَا بَنِي آدَمَ خُذُوا زِينَتَكُمْ عِنْدَ كُلِّ مَسْجِدٍ وَكُلُوا وَاشْرَبُوا وَلَا تُسْرِفُوا إِنَّهُ لَا يُحِبُّ الْمُسْرِفِينَ ۝ قُلْ مَنْ حَرَّمَ زِينَةَ اللَّهِ الَّتِي أَخْرَجَ لِعِبَادِهِ وَالطَّيِّبَاتِ مِنَ الرِّزْقِ ۚ قُلْ هِيَ لِلَّذِينَ آمَنُوا فِي الْحَيَاةِ الدُّنْيَا خَالِصَةً يَوْمَ الْقِيَامَةِ كَذَٰلِكَ نُفَصِّلُ الْآيَاتِ لِقَوْمٍ يَعْلَمُونَ ۝ قُلْ إِنَّمَا حَرَّمَ رَبِّيَ الْفَوَاحِشَ مَا ظَهَرَ مِنْهَا وَمَا بَطَنَ وَالْإِثْمَ وَالْبَغْيَ بِغَيْرِ الْحَقِّ وَأَنْ تُشْرِكُوا بِاللَّهِ مَا لَمْ يُنَزِّلْ بِهِ سُلْطَانًا وَأَنْ تَقُولُوا عَلَى اللَّهِ مَا لَا تَعْلَمُونَ ۝ (پ۸ ع۱۱)

२. या बनी आद म ख़ुज़ू ज़ी न त कुम······मा ला तअ़्ल मून०

—पारा ८, रुकूअ ११

तर्जुमा—ऐ आदम की औलाद! तुम मस्जिद की हाज़िरी के वक़्त अपना लिबास पहन लिया करो और ख़ूब खाओ और पियो और हद से मत निकलो। बेशक अल्लाह तआला पसन्द नहीं करते, हद से निकल जाने वालों को। आप फ़रमाइए कि अल्लाह तआला के पैदा किये हुए कपड़ों को, जिनको उसने अपने बन्दों के वास्ते बनाया है और खाने-पीने की हलाल चीज़ों को किस शख़्स ने हराम किया है। आप यह कह दीजिए कि ये चीज़ें इस तौर पर कि क़ियामत के दिन भी ख़ालिस रहें, दुनिया की ज़िंदगी में ख़ालिस ईमान वालों ही के लिए हैं, हम इसी तरह तमाम आयतों को समझदारों के वास्ते साफ़-साफ़ बयान किया करते हैं। आप फ़रमाइये कि अल-बत्ता मेरे रब ने हराम किया है तमाम गन्दी बातों को, उनमें जो एलानिया हैं, वे भी और उनमें जो छिपी हैं, वे भी और हर गुनाह की बात को और ना-हक़ किसी पर ज़ुल्म करने को और इस बात को कि तुम अल्लाह तआला के साथ किसी ऐसी चीज़ को शरीक ठहराओ, जिस की अल्लाह ने कोई सनद नाज़िल नहीं फ़रमायी और इस बात को कि तुम लोग अल्लाह तआला के ज़िम्मे ऐसी बात लगा दो, जिस की तुम सनद न रखो।

ख़ासियत—यह आयत ज़हर व बुरी नज़र व जादू के दूर करने के लिए फ़ायदेमंद है। जो शख़्स इसको हरे अंगूर के अर्क़ और ज़ाफ़रान से लिख कर आंवले के पानी से धोकर ग़ुस्ल करे, बुरी नज़र और जादू उस से दूर हो और जो खाने में मिला कर खाये तो ज़हर से बचा रहे और जादू और बुरी नज़र से भी।

فَلَمَّا جَاءَ السَّحَرَةُ قَالَ لَهُمْ مُوسَىٰ أَلْقُوا مَا أَنْتُمْ مُلْقُونَ ۝ فَلَمَّا أَلْقَوْا قَالَ مُوسَىٰ مَا جِئْتُمْ بِهِ السِّحْرُ ۖ إِنَّ اللَّهَ سَيُبْطِلُهُ ۖ إِنَّ اللَّهَ لَا يُصْلِحُ عَمَلَ الْمُفْسِدِينَ ۝ (پ۱۱ ع۱۳)

३. फ़ लम्मा जाअस्स ह र तु का ल लहुम मूसा अल्क़ू मा अन्तुम मुल्क़ून० फ़लम्मा अल्क़ौ का ल मूसा मा जिअ़्तुम बिहिस्सिहरु इन्नल्ला ह स युब्ति लहू इन्नल्ला ह ला युस्लिहु अ़ म ल ल मुफ़्सि-दीन०

—पारा ११, रुकूअ १३

तर्जुमा—सो जब वे आये (और मूसा अलैहिस्सलाम से) मुक़ा

बला) हुआ, मूसा (अलैहिस्सलाम) ने उनसे फ़रमाया कि डालो जो कुछ तुमको (मैदान में) डालना है, सो जब उन्होंने (अपना जादू का सामान) डाला तो मूसा (अलैहिस्सलाम) ने फ़रमाया कि जो कुछ तुम (बना कर) लाये हो, जादू है। यक़ीनी बात है कि अल्लाह तआला इस (जादू) को अभी दरहम-बरहम किये देता है, (क्योंकि) अल्लाह तआला ऐसे फ़सादियों का काम बनने नहीं देता।

खासियत—सख्त जादू के दूर करने के लिए फ़ायदेमंद है। एक घड़ा बारिश के पानी का लेकर ऐसी जगह से जहां बरसने के वक़्त किसी की नज़र न पड़ी हो और एक घड़ा ऐसे कुएं के पानी का ले, जिसमें से कोई पानी न भरता हो, जुमा के दिन ऐसे पेड़ों के सात पत्ते ले, जिसका फल न खाया जाता हो, फिर दोनों पानी मिला कर उसमें सातों पत्ते डाल दे, फिर इन आयतों को काग़ज़ पर लिख कर इस पानी से धोकर जादू के मारे को दरिया के किनारे पर ले जाकर पानी में उसको खड़ा करके रात के वक़्त इस पानी से उसको गुस्ल दे। इन्शाअल्लाहु तआला जादू ग़लत हो जाएगा।

३. जिन्न व इन्सान का क़ाबू में करना

وَإِذْ قَالَ رَبُّكَ لِلْمَلٰٓئِكَةِ إِنِّي جَاعِلٌ فِي الْأَرْضِ خَلِيفَةً ۚ قَالُوٓا أَتَجْعَلُ فِيهَا مَنْ يُّفْسِدُ فِيهَا وَيَسْفِكُ الدِّمَآءَ وَنَحْنُ نُسَبِّحُ بِحَمْدِكَ وَنُقَدِّسُ لَكَ ۚ قَالَ إِنِّيٓ أَعْلَمُ مَا لَا تَعْلَمُونَ ○ وَعَلَّمَ آدَمَ الْأَسْمَآءَ كُلَّهَا ثُمَّ عَرَضَهُمْ عَلَى الْمَلٰٓئِكَةِ فَقَالَ أَنْۢبِـُٔونِي بِأَسْمَآءِ هٰٓؤُلَآءِ إِنْ كُنْتُمْ صٰدِقِينَ ○ قَالُوا سُبْحٰنَكَ لَا عِلْمَ لَنَآ إِلَّا مَا عَلَّمْتَنَا ۚ إِنَّكَ أَنْتَ الْعَلِيمُ الْحَكِيمُ ○ (پ۱ رکوع ۴)

१. व इज़ क़ा ल रब्बु क लिल मलाइकति······इन्न क अन्तल अलीमुल हकीम○ —पारा १, रुकूअ ४

तर्जुमा—और जिस वक़्त इर्शाद फ़रमाया, आपके रब ने फ़रिश्तों से कि ज़रूर मैं बनाऊंगा, ज़मीन में एक नायब, फ़रिश्ते कहने लगे कि आप पैदा करेंगे, ज़मीन में ऐसे लोगों को जो फ़साद करेंगे और ख़ून बहाएंगे और हम बराबर तस्बीह कहते रहते हैं, अल्लाह की तारीफ़ के साथ और तक़्दीस करते रहते हैं आपकी। हक़ तआला ने इर्शाद फ़रमाया कि मैं जानता हूं इस बात को जिसे तुम नहीं जानते। और इल्म दे दिया अल्लाह तआला ने हज़रत आदम अलैहिस्सलाम को (उनको पैदा करके) सब चीज़ों के नामों का। फिर वे चीज़ें फ़रिश्तों के सामने कर दीं फिर फ़रमाया कि बताओ मुझको नाम उन चीज़ों के (यानी उनके आसार व ख़वास के साथ) अगर तुम सच्चे हो। फ़रिश्तों ने अर्ज़ किया कि आप तो पाक हैं, हमको ही इल्म नहीं, मगर वही जो कुछ आपने इल्म दिया। बेशक आप बड़े इल्म वाले हैं, हिक्मत वाले हैं (कि जिस क़दर जिस के लिए मस्लहत जाना, उसी क़दर इल्म व समझ अता फ़रमायी।)

खासियत—इल्म को सीखने और जिन्नों और दूसरे इंसानों को क़ाबू में करने के लिए मुफ़ीद है। जिस महीने की पहली तारीख़ को जुमेरात हो, गुस्ल करके उस दिन रोज़ा रखे। शाम को जौ की रोटी, शकर और किसी क़िस्म के साग से इफ़्तार करे और अपने वक़्त पर सो रहे। जब आधी रात हो, उठ कर वुज़ू करके क़िब्ला रुख़ बैठ कर ये आयतें ३३ बार पढ़े, फिर कांच के बर्तन पर मुश्क व ज़ाफ़रान व गुलाब से इन आयतों को लिख कर धोने के पानी से धोकर पिए और सो रहे। सात दिन तक इसी तरह करे और आख़िरी दिन में ये आयतें सत्तर बार पढ़े, मगर मकान तंहाई का हो और ऊद की धूनी दे, फिर फ़ारिग़ होकर उन ही कपड़ों में सो रहे। इन्शाअल्लाहु मक़्सूद हासिल होगा।

○

४. शैतानी वस्वसा दूर करने के लिए

وَإِمَّا يَنْزَغَنَّكَ مِنَ الشَّيْطٰنِ نَزْغٌ فَاسْتَعِذْ بِاللّٰهِ إِنَّهُ سَمِيعٌ عَلِيمٌ ۝
إِنَّ الَّذِينَ اتَّقَوْا إِذَا مَسَّهُمْ طٰۤئِفٌ مِّنَ الشَّيْطٰنِ تَذَكَّرُوا فَإِذَا هُمْ مُّبْصِرُونَ ۝

(پ۹ ع۱۴)

१. व इम्मा यन्ज़ग़न्न क मिनश्शैतानि न ज़ गुन फ़स्तअिज़ बिल्लाहि इन्नहू समीअुन अलीम॰ इन्नल्लज़ी न त्त क़ौ इज़ा मस्सहुम ताइफ़ुम मिनश्शैतानि तज़क्करू फ़ इ ज़ा हुम मुब्सिरून॰

—पारा ९, रुकूअ १४

तर्जुमा—और अगर आपको कोई वस्वसा शैतान की तरफ़ से आने लगे तो अल्लाह की पनाह मांग लिया कीजिए। बिला शुब्हा वह खूब सुनने वाला, खूब जानने वाला है। यक़ीनन जो लोग खुदा तरस हैं, जब उनको कोई खतरा शैतान की तरफ़ से आजाता है, तो वह याद में लग जाते हैं, सो यकायक उनकी आंखें खुल जाती हैं।

खासियत—जिसको वस्वसों और खतरों और बुरे ख्यालों और दिल के कम्पन ने आजिज़ कर दिया हो, इन आयतों को गुलाब व ज़ाफ़रान से जुमा के दिन सूरज के निकलने के वक्त सात परचों पर लिख कर हर दिन एक परचा निगल जाए और उस पर एक घूंट पानी का पी ले, इन्शाअल्लाहु तआला दूर हो जाएगा।

फ़ायदा—हदीसों में आया है कि वस्वसे के वक्त 'आमन्तु बिल्लाहि व रसुलिही' कहे या अअूज़ुबिल्लाह पढ़ कर बायीं तरफ़ तीन बार थुतकारना आया है।

اٰمَنْتُ بِاللّٰهِ وَرُسُلِهٖ ظَاهِرُهُ وَبَاطِنُهُ وَهُوَ بِكُلِّ شَيْءٍ عَلِيمٌ

आमन्तु बिल्लाहि व रसुलिही वज़ाहिरु वल बातिनु व हु व बि कुल्लि शैइन अलीम॰ पढ़े। इससे किसी को निजात नहीं होती, इसका ग़म न चाहिए, या

لَا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ

'ला इला ह इल्लल्लाहु' ज्यादा से ज्यादा पढ़े।

अबू सुलेमान दारानी ने अजीब तद्बीर बतलायी है कि जब वस्वसा आये, खूब खुश हो, शैतान को मुसलमान का खुश होना सख्त ना-गवार है, वह फिर वस्वसा न डालेगा।

५. खौफ़ का दूर होना

فَاللّٰهُ خَيْرٌ حٰفِظًا وَّهُوَ أَرْحَمُ الرّٰحِمِينَ ۝ (پ۴ ع۲)

१. फ़ल्लाहु खैरुन हाफ़िज़ा व हु व अर्हमुर्राहिमीन॰

—पारा ४, रुकूअ २

तर्जुमा—अल्लाह (के सुपुर्द वही) सबसे बड़ा निगहबान है और वह सब मेहरबानों से ज्यादा मेहरबान है।

खासियत—जिसको किसी दुश्मन से डर हो या और किसी तरह की बला व मुसीबत का डर हो, वह उसको ज्यादा से ज्यादा पढ़ा करे, इन्शाअल्लाहु तआला मुश्किल दूर हो जाएगी।

إِذْ هَمَّتْ طَّآئِفَتٰنِ مِنْكُمْ أَنْ تَفْشَلَا وَاللّٰهُ وَلِيُّهُمَا وَعَلَى اللّٰهِ فَلْيَتَوَكَّلِ
الْمُؤْمِنُونَ ۝ وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّأَنْتُمْ أَذِلَّةٌ فَاتَّقُوا اللّٰهَ لَعَلَّكُمْ تَشْكُرُونَ
إِذْ تَقُولُ لِلْمُؤْمِنِينَ أَلَنْ يَّكْفِيَكُمْ أَنْ يُّمِدَّكُمْ رَبُّكُمْ بِثَلٰثَةِ اٰلٰفٍ مِّنَ الْمَلٰٓئِكَةِ
مُنْزَلِينَ ۝ بَلٰٓى إِنْ تَصْبِرُوا وَتَتَّقُوا وَيَأْتُوكُمْ مِّنْ فَوْرِهِمْ هٰذَا يُمْدِدْكُمْ
رَبُّكُمْ بِخَمْسَةِ اٰلٰفٍ مِّنَ الْمَلٰٓئِكَةِ مُسَوِّمِينَ ۝ وَمَا جَعَلَهُ اللّٰهُ إِلَّا بُشْرٰى لَكُمْ
وَلِتَطْمَئِنَّ قُلُوبُكُمْ بِهٖ وَمَا النَّصْرُ إِلَّا مِنْ عِنْدِ اللّٰهِ الْعَزِيزِ الْحَكِيمِ ۝ (پ۴ ع۳)

२. इज़ हम्मत ताइफ़तानि·········मिन्इन्दिल्लाहिल अज़ीज़िल

हकीम० —पारा ४, रुकूअ ४

तर्जुमा—जब तुम में से दो जमाअतों (बनी सलमा व बनी हारिसा) ने दिल में ख्याल किया कि हिम्मत हार दें और अल्लाह तआला इन दोनों जमाअतों का मददगार था और पस मुसलमानों को तो अल्लाह तआला पर भरोसा करना चाहिए और यह बात जानी समझी है कि अल्लाह तआला ने तुमको बद्र की लड़ाई में मदद से जिताया, हालांकि तुम बे-सर व सामान थे। सो अल्लाह तआला से डरते रहा करो, क्या तुमको यह बात काफ़ी न होगी कि तुम्हारा रब तुम्हारी मदद करे तीन हज़ार फ़रिश्तों के साथ (जो आसमान से) उतारे जाएंगे। हां, क्यों नहीं (काफ़ी होगा) अगर मुस्तकिल रहोगे और तक़्वा वाले रहोगे और (अगर) वे तुम पर एकदम से (भी) आएंगे, तो तुम्हारा रब तुम्हारी मदद फ़रमाएगा। पांच हज़ार फ़रिश्तों से जो कि एक ख़ास शक्ल बनाये होंगे और अल्लाह तआला ने मदद सिर्फ़ इस लिए की कि तुम्हारे लिए (ग़लबे) की खुशख़बरी हो और ताकि तुम्हारे दिलों को (बेचैनी) से चैन मिल जाए और मदद सिर्फ़ अल्लाह ही की तरफ़ से है जो कि ज़बरदस्त हैं, हिक्मत वाले (भी) हैं।

ख़ासियत—ये आयतें ज़ालिम बादशाह व दुश्मन और रात के वक़्त जिन्न या इंसान के डर के लिए हैं, इसको जुमा की रात में आधी रात के वक़्त वुज़ू करके लिखे, फिर लिखने वाला सुबह की नमाज़ पढ़ के सूरज निकलने तक ज़िक्र व तस्बीह में लगा बैठा रहे। जब सूरज बुलंद हो जाए, दो रक्अत पढ़े, पहली में फ़ातिहा और आयतल कुर्सी और दूसरी में फ़ातिहा और 'आ म नर्रसूलु' से आख़िर सूरः तक पढ़े, फिर सात बार इस्तग़फ़ार पढ़े और सात बार 'हस्बियल्लाहु ला इला ह इल्ला हु व अलैहि तवक्कल्तु व हु व रब्बुल अर्शिल अज़ीम०' फिर ताज़ा वुज़ू करके ये आयतें लिख कर अपने पास रख ले, इन्शाअल्लाहु तआला मुराद हासिल हो।

وَإِذَا قَرَأْتَ الْقُرْآنَ جَعَلْنَا بَيْنَكَ وَبَيْنَ الَّذِينَ لَا يُؤْمِنُونَ بِالْآخِرَةِ حِجَابًا مَّسْتُورًا ۝ وَجَعَلْنَا عَلَىٰ قُلُوبِهِمْ أَكِنَّةً أَن يَفْقَهُوهُ وَفِي آذَانِهِمْ وَقْرًا ۚ وَإِذَا ذَكَرْتَ رَبَّكَ فِي الْقُرْآنِ وَحْدَهُ وَلَّوْا عَلَىٰ أَدْبَارِهِمْ نُفُورًا ۝

३. व इज़ा क़रअ्तल क़ुरआ न से अला अद्बारिहिम नुफ़ूरा० —पारा १५, रुकूअ ५

तर्जुमा—और जब आप क़ुरआन पढ़ते हैं तो हम आपके और जो लोग आख़िरत पर ईमान नहीं रखते, उनके दर्मियान एक परदा डाल देते हैं और (वह परदा यह है कि) हम उनके दिलों पर परदा डालते हैं इससे कि वे उसको समझें और उनके कानों में डाट देते हैं और जब आप क़ुरआन में सिर्फ़ अपने रब का ज़िक्र करते हैं, तो वे लोग नफ़रत करते हुए पीठ फेर कर चल देते हैं।

ख़ासियत—किसी डरे हुए पर, जो गन्दे ख्यालों में गिरफ़्तार हो, पढ़ कर दम कर दे, तो उसका डर ख़त्म हो जाए।

४. दूसरा असर—कोई भूत पलीद किसी के सर हो गया हो तो नीले पश्मीने पर या काग़ज़ पर लिख कर उसके बाज़ू पर बांध दिया जाए, तो वह दूर हो जाए।

६. तकलीफ़ देने वाले जानवर से बचने का अमल

१. यह आयत पढ़ कर जिस आदमी या जानवर से डर हो, उस की तरफ़ दम करे—

اللَّهُ رَبُّنَا وَرَبُّكُمْ ۖ لَنَا أَعْمَالُنَا وَلَكُمْ أَعْمَالُكُمْ ۖ لَا حُجَّةَ بَيْنَنَا وَبَيْنَكُمُ ۖ اللَّهُ يَجْمَعُ بَيْنَنَا ۖ

आमाले कुरआनी

अल्लाहु रब्बुना व रब्बुकुम लना अअ्मालुना व लकुम अअ्मालु कुम ला हुज्ज त बै नना व बै न कुम अल्लाहु यज्मघु बै न ना॰
उसकी तक्लीफ़ से बचा रहे।

चौथा—

حٰمٓ ۝ عٓسٓقٓ ۝ كَذٰلِكَ يُوحِيٓ إِلَيْكَ وَإِلَى الَّذِينَ مِن قَبْلِكَ
اللّٰهُ الْعَزِيزُ الْحَكِيمُ ۝

हा-मीम॰ ऐन-सीन-क़ाफ़॰ क ज़ालि क यूहा इलै क व इलल्लज़ी न मिन क़ब्लि कल्लाहुल अज़ीज़ुल हकीम॰
बड़ी मुसीबतों के वक़्त पढ़ना मुफ़ीद है।
२. काब अह्बार से नक़ल किया गया है कि सात आयतें जब पढ़ लेता हूं, फिर किसी बात का डर नहीं रहता।

पहली आयत

قُل لَّن يُصِيبَنَآ إِلَّا مَا كَتَبَ اللّٰهُ لَنَا هُوَ مَوْلٰىنَا وَعَلَى اللّٰهِ فَلْيَتَوَكَّلِ
الْمُؤْمِنُونَ ۝

कुल लंय्युसी ब ना इल्ला मा क त बल्लाहु लना हु व मौलाना व अलल्लाहि फ़ल य त वक्कलिल मुअ्मिनून॰

दूसरी आयत

وَإِن يَمْسَسْكَ اللّٰهُ بِضُرٍّ فَلَا كَاشِفَ لَهُٓ إِلَّا هُوَ وَإِن يُرِدْكَ
بِخَيْرٍ فَلَا رَآدَّ لِفَضْلِهِ يُصِيبُ بِهِ مَن يَشَآءُ مِنْ عِبَادِهِ وَهُوَ الْغَفُورُ الرَّحِيمُ ۝

व इंय्यम्सस्कल्लाहु बिज़ुर्रिन फ़ ला काशि फ़ लहू इल्ला हु व व इंय्युरिद् क बिख़ैरिन फ़ ला राद द लिफ़ज़्लिही युसीबु बिही मंय्यशाउ मिन अिबादिही व हु वल ग़फ़ूरुर्रहीम॰

तीसरी आयत

وَمَا مِن دَآبَّةٍ فِي الْأَرْضِ إِلَّا عَلَى اللّٰهِ رِزْقُهَا وَيَعْلَمُ مُسْتَقَرَّهَا وَ
مُسْتَوْدَعَهَا كُلٌّ فِي كِتٰبٍ مُّبِينٍ ۝

व मा मिन दाब्बतिन फ़िल अर्ज़ि इल्ला अलल्लाहि रिज़्क़ुहा व यअ्लमु मुस्तक़र्रहा व मुस्तौ द अहा कुल्लुन फ़ी किताबिम मुबीन॰

चौथी आयत

إِنِّي تَوَكَّلْتُ عَلَى اللّٰهِ رَبِّي وَرَبِّكُم مَّا مِن دَآبَّةٍ إِلَّا هُوَ اٰخِذٌۢ بِنَاصِيَتِهَآ
إِنَّ رَبِّي عَلٰى صِرٰطٍ مُّسْتَقِيمٍ ۝

इन्नी तवक्कल्तु अलल्लाहि रब्बी व रब्बिकुम मा मिन दाब्बतिन इल्ला हु व आख़िज़ुम बिनासि य ति हा इन न रब्बी अला सिरातिम मुस्तक़ीम॰

पांचवीं आयत

وَكَأَيِّن مِّن دَآبَّةٍ لَّا تَحْمِلُ رِزْقَهَا اللّٰهُ يَرْزُقُهَا وَإِيَّاكُمْ وَهُوَ
السَّمِيعُ الْعَلِيمُ ۝

व क अय्यिम मिन दाब्बतिन ला तह्मिलु रिज़्क़हा अल्लाहु यर्ज़ुक़ुहा व इय्या कुम व हुवस्समीउल अलीम॰

छठी आयत

مَا يَفْتَحِ اللّٰهُ لِلنَّاسِ مِن رَّحْمَةٍ فَلَا مُمْسِكَ لَهَا وَمَا
يُمْسِكْ فَلَا مُرْسِلَ لَهُ مِنْۢ بَعْدِهِ وَهُوَ الْعَزِيزُ الْحَكِيمُ ۝

मा यफ़्तहिल्लाहु लिन्नासि मिर्रहमतिन फ़ला मुम्सि क लहा व मा युम्सिकु फ़ला मुर्सि ल लहू मिम बअ्दिही व हुवल अज़ीज़ुल हकीम०

सातवीं आयत

وَلَئِن سَأَلْتَهُم مَّنْ خَلَقَ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضَ لَيَقُولُنَّ اللَّهُ ۚ قُلْ أَفَرَأَيْتُم مَّا تَدْعُونَ مِن دُونِ اللَّهِ إِنْ أَرَادَنِيَ اللَّهُ بِضُرٍّ هَلْ هُنَّ كَاشِفَاتُ ضُرِّهِ أَوْ أَرَادَنِي بِرَحْمَةٍ هَلْ هُنَّ مُمْسِكَاتُ رَحْمَتِهِ ۚ قُلْ حَسْبِيَ اللَّهُ ۖ عَلَيْهِ يَتَوَكَّلُ الْمُتَوَكِّلُونَ ۝

व लइन सअल्तहुम मन ख ल क़स्समावाति वल् अर्ज़ ल यक़ुलुन्नल्ला ह क़ुल अ फ़ रएतुम मा तद्अू न मिन दूनिल्लाहि इन अरा द नियल्लाहु बि ज़ुर्रिन हल हुन्न काशिफ़ातु ज़ुर्रि ही औ अरा द नी बिरहमतिन हल हुन्न मुम्सिकातु रहमति ही क़ुल हस्बियल्लाहु अलैहि य तवक्कलुल मुतवक्किलून०

३. डर दूर करने के लिए—रसूलुल्लाह सल्ल० से नक़ल किया गया है कि किसी ने किसी शख़्स को क़त्ल की धमकी दी, उसको डर हुआ, उसने किसी आलिम से ज़िक्र किया। उन्होंने फ़रमाया कि घर से निकलने से पहले सूरः यासीन पढ़ लिया करो, फिर घर से निकला करो। वह शख़्स ऐसा ही करता था और जब अपने दुश्मन के सामने आता था, उसको हरगिज़ नज़र न आता था।

७. आसेब वग़ैरह से हिफ़ाज़त

أَفَحَسِبْتُمْ أَنَّمَا خَلَقْنَاكُمْ عَبَثًا وَأَنَّكُمْ إِلَيْنَا لَا تُرْجَعُونَ ۝ فَتَعَالَى اللَّهُ الْمَلِكُ الْحَقُّ ۖ لَا إِلَٰهَ إِلَّا هُوَ رَبُّ الْعَرْشِ الْكَرِيمِ ۝ وَمَن يَدْعُ مَعَ اللَّهِ إِلَٰهًا

آخَرَ لَا بُرْهَانَ لَهُ بِهِ فَإِنَّمَا حِسَابُهُ عِندَ رَبِّهِ

१. अ फ़ हसिब्तुम अन्नमा ख़लक़्ना कुम अ ब संव्वअन्नकुम इलैना ला तुर्जअून० फ़ त आलल्लाहुल मलिकुल हक़्क़ु ला इला ह इल्ला हु व रब्बुल अर्शिल करीम व मंय्यद्अु मअल्लाहि इलाहन आ ख र ला बुर्हा न लहू बिही फ़ इन्नमा हिसाबुहू अिन्द रब्बि ही०

—पारा १८, रुकूअ ६

तर्जुमा—हां, तो क्या तुमने यह ख़्याल किया था कि हमने तुमको यों ही मुहमल (हिक्मत से ख़ाली) पैदा कर दिया है और यह (ख़्याल किया था) कि हमारे पास नहीं लाये जाओगे, सो (इस से पूरी तरह साबित हो गया कि) अल्लाह तआला बहुत ही आली-शान है, जो कि बादशाहे हक़ीक़ी है, उसके सिवा कोई भी इबादत के लायक़ नहीं (और) वह अर्शे अज़ीम का मालिक है और जो शख़्स (इस बात पर दलील क़ायम होने के बाद) अल्लाह के साथ किसी और माबूद की भी इबादत करे कि (जिसके माबूद होने पर) उसके पास कोई भी दलील नहीं, सो उसका हिसाब उसी के रब के पास होगा।

ख़ासियत—जिस शख़्स पर आसेब हो, इन आयतों को तीन बार पानी पर पढ़ कर मुंह पर छींटा दे या कान में दम करे, इन्शा-अल्लाहु तआला फ़ौरन दूर हो जाएगा।

२. पूरी सूरः जिन्न (पारा २६, रुकूअ ११)

ख़ासियत—जिस पर आसेब आता हो, उस पर एक बार पढ़ कर दम करे या लिख कर बाज़ू पर बांध दे, इन्शाअल्लाहु तआला जाता रहेगा।

३. ये ३३ आयतें दरिंदे, और चोर से हिफ़ाज़त, आसेब दूर करने और जान व माल की बेहतरी के लिए और कोढ़ और दूसरे

मर्ज़ों के लिए अक्सीर आज़म हैं। 'आयातुल हर्स' इनका लक़ब है। वे यह हैं—

शुरू सूरः बक़रः से मुफ़्लिहून तक (पारा १, रुकूअ १)

आयतल कुर्सी—अल्लाहु ला इला ह से ख़ालिदून तक। (पारा ३, रुकूअ ३)

और नीचे की आयतें—पारा ३, रुकूअ ८, पारा ८, रुकूअ १४, पारा १५, रुकूअ १२, पारा २३, रुकूअ ५, पारा २७, रुकूअ १२, पारा २८, रुकूअ ६, पारा २६, रुकूअ ११, पारा १, रुकूअ २

لِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۚ وَاِنْ تُبْدُوْا مَا فِيْٓ
اَنْفُسِكُمْ اَوْ تُخْفُوْهُ يُحَاسِبْكُمْ بِهِ اللّٰهُ ۚ فَيَغْفِرُ لِمَنْ يَّشَآءُ وَيُعَذِّبُ مَنْ يَّشَآءُ ۚ وَاللّٰهُ
عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ۝ اٰمَنَ الرَّسُوْلُ بِمَآ اُنْزِلَ اِلَيْهِ مِنْ رَّبِّهٖ وَالْمُؤْمِنُوْنَ ۚ كُلٌّ اٰمَنَ بِاللّٰهِ
وَمَلٰٓئِكَتِهٖ وَكُتُبِهٖ وَرُسُلِهٖ ۚ لَا نُفَرِّقُ بَيْنَ اَحَدٍ مِّنْ رُّسُلِهٖ ۚ وَقَالُوْا سَمِعْنَا وَاَطَعْنَا
غُفْرَانَكَ رَبَّنَا وَاِلَيْكَ الْمَصِيْرُ ۝ لَا يُكَلِّفُ اللّٰهُ نَفْسًا اِلَّا وُسْعَهَا ۚ لَهَا مَا كَسَبَتْ وَعَلَيْهَا
مَا اكْتَسَبَتْ ۚ رَبَّنَا لَا تُؤَاخِذْنَآ اِنْ نَّسِيْنَآ اَوْ اَخْطَاْنَا ۚ رَبَّنَا وَلَا تَحْمِلْ عَلَيْنَآ اِصْرًا كَمَا
حَمَلْتَهٗ عَلَى الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِنَا ۚ رَبَّنَا وَلَا تُحَمِّلْنَا مَا لَا طَاقَةَ لَنَا بِهٖ ۚ وَاعْفُ عَنَّا
وَاغْفِرْ لَنَا ۚ وَارْحَمْنَا ۚ اَنْتَ مَوْلٰىنَا فَانْصُرْنَا عَلَى الْقَوْمِ الْكٰفِرِيْنَ ۝ (پ ۳ ر ۸)

اِنَّ رَبَّكُمُ اللّٰهُ الَّذِيْ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ فِيْ سِتَّةِ اَيَّامٍ ثُمَّ اسْتَوٰى
عَلَى الْعَرْشِ ۚ يُغْشِي الَّيْلَ النَّهَارَ يَطْلُبُهٗ حَثِيْثًا ۙ وَّالشَّمْسَ وَالْقَمَرَ وَالنُّجُوْمَ مُسَخَّرٰتٍ
بِاَمْرِهٖ ۚ اَلَا لَهُ الْخَلْقُ وَالْاَمْرُ ۚ تَبٰرَكَ اللّٰهُ رَبُّ الْعٰلَمِيْنَ ۝ اُدْعُوْا رَبَّكُمْ تَضَرُّعًا
وَّخُفْيَةً ۚ اِنَّهٗ لَا يُحِبُّ الْمُعْتَدِيْنَ ۝ وَلَا تُفْسِدُوْا فِي الْاَرْضِ بَعْدَ اِصْلَاحِهَا وَادْعُوْهُ
خَوْفًا وَّطَمَعًا ۚ اِنَّ رَحْمَتَ اللّٰهِ قَرِيْبٌ مِّنَ الْمُحْسِنِيْنَ ۝ (پ ۸ ر ۱۴)

तर्जुमा—क्या फिर (इस) अल्लाह के दीन के सिवा और किसी तरीक़े को चाहते हैं, हालांकि हक़ तआला के सामने सब फ़रमांबरदार हैं जितने आसमान और ज़मीन में हैं (कुछ ख़ुशी से और कुछ बे-अख़्तियारी से) और सब ख़ुदा ही की तरफ़ लौटाये जाएंगे। आप फ़रमा दीजिए कि हम ईमान रखते हैं अल्लाह पर और उस (हुक्म) पर जो हमारे पास भेजा और उस पर जो (हज़रत) इब्राहीम व इस्माईल व इस्हाक़ व याक़ूब (अलैहिमुस्सलाम) और याक़ूब की औलाद तरफ़ भेजा गया और इस (हुक्म व मोजज़े) पर भी जो मूसा व ईसा (अलैहिमुस्सलाम) और दूसरे नबियों को दिया गया,

उन के परवरदिगार की तरफ़ से, इस कैफ़ियत से कि हम उन (हज़रात) में से किसी एक में भी फ़र्क़ नहीं करते और हम तो अल्लाह ही के मुतीअ (फ़रमांबरदार) हैं और जो शख्स इस्लाम के सिवा किसी और दीन की तलब करेगा तो वह (दीन) उस से (ख़ुदा के नज़दीक) मक़्बूल न होगा और वह (शख्स) आख़िरत में तबाहकारों में से होगा। (यानी निजात न पाएगा।)

ख़ासियत—ये आयतें दिल की धड़कनों के लिए मुफ़ीद हैं। मिट्टी के कोरे बर्तन में लिख कर बारिश या मीठे कुएं के पानी से जिस पर धूप न आती हो, धोकर मरीज़ को पिलाया जाए, इन्शाअल्लाह तआला सेहत हो जाएगी।

४. दिल का दर्द

وَنَزَعْنَا مَا فِي صُدُورِهِمْ مِنْ غِلٍّ

१. व नज़अना मा फ़ी सुदूरिहिम मिन ग़िल्लिन०

ख़ासियत—इस आयत को मिट्टी के कोरे बर्तन पर ज़ाफ़रान और गुलाब से लिख कर पानी से धोकर पिए, दिल का दर्द ख़त्म हो जाए

२. सूरः अल-इन्शिराह (पारा ३०)

ख़ासियत—सीने पर दम करने से तंगी और दिल के दर्द को सुकून हो। इसका पीना पथरी को टुकड़े-टुकड़े करके निकाल देता है।

५. दिल को ताक़त पहुंचाने के लिए

१. अल-माजिदु (बुज़ुर्ग वार)

ख़ासियत—इसे पढ़ कर खाए तो दिल को ताक़त हासिल हो और अगर इस नाम को हमेशा-हमेशा पढ़े, दिल रोशन हो।

२. अल-वाहिदुल अहदु

ख़ासियत—अगर हज़ार बार पढ़े तो मख़्लूक़ का ताल्लुक़ उसके दिल से निकल जाए।

६. तहाल के लिए

إِنَّ اللّٰهَ يُمْسِكُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ اَنْ تَزُوْلَا ۚ وَلَئِنْ زَالَتَاۤ اِنْ اَمْسَكَهُمَا مِنْ اَحَدٍ مِّنْ بَعْدِهٖ ۚ اِنَّهٗ كَانَ حَلِيْمًا غَفُوْرًا ﴿پ ٢٢-ع ١٧﴾

१. इन्नल्ला ह युम्सिकुस्समावाति वल अर ज़ अन तज़ूला व लइन ज़ा ल ता इन अम्स क हुमा मिन अ ह दिम मिम् बअ्दि ही इन्नहू का न हलीमन ग़फ़ूरा० —पारा २२, रुकूअ १७

तर्जुमा—यक़ीनी बात है कि अल्लाह तआला आसमानों और ज़मीन को थामे हुए है कि वह मौजूदा हालत को न छोड़ें और (फ़र्ज़ करो) वह मौजूदा हालत को छोड़ भी दें तो फिर ख़ुदा के सिवा और कोई उनको थाम भी नहीं सकता, वह हलीम व ग़फ़ूर है।

ख़ासियत—इस आयत को काग़ज़ पर लिख कर तावीज़ बना कर तहाल पर बांधे, इन्शाअल्लाह जाता रहेगा।

७. नाफ़ टलने के लिए

ذٰلِكَ تَخْفِيْفٌ مِّنْ رَّبِّكُمْ وَرَحْمَةٌ ﴿پ ٢-ع ٦﴾

ज़ालि क तख़्फ़ीफ़ुम मिर्रब्बिकुम व रह्मतुन०—पारा २, रुकूअ ६

ख़ासियत—जिसकी नाफ़ टल गयी हो, इस आयत को लिख कर नाफ़ पर बांधे। इन्शाअल्लाह तआला सेहत हो जाएगी।

८. बवासीर के लिए

وَإِذْ يَرْفَعُ إِبْرَاهِيمُ الْقَوَاعِدَ مِنَ الْبَيْتِ وَإِسْمَاعِيلُ رَبَّنَا تَقَبَّلْ مِنَّا إِنَّكَ
أَنتَ السَّمِيعُ الْعَلِيمُ رَبَّنَا وَاجْعَلْنَا مُسْلِمَيْنِ لَكَ وَمِن ذُرِّيَّتِنَا أُمَّةً مُّسْلِمَةً
لَّكَ وَأَرِنَا مَنَاسِكَنَا وَتُبْ عَلَيْنَا إِنَّكَ أَنتَ التَّوَّابُ الرَّحِيمُ رَبَّنَا وَابْعَثْ فِيهِمْ
رَسُولًا مِّنْهُمْ يَتْلُو عَلَيْهِمْ آيَاتِكَ وَيُعَلِّمُهُمُ الْكِتَابَ وَالْحِكْمَةَ وَيُزَكِّيهِمْ إِنَّكَ أَنتَ
الْعَزِيزُ الْحَكِيمُ (پ ۱ ع ۱۵)

१. व इज़ यर्फ़अु……इन्न क अन्तल अज़ीज़ुल हकीम०

—पारा १, रुकूअ १५

तर्जुमा—और जब कि उठा रहे थे इब्राहीम अलैहिस्सलाम दीवारें खाना-ए-काबा की और इस्माईल अलैहिस्सलाम भी (और यह कहते जाते थे कि) ऐ हमारे परवरदिगार! (यह खिदमत) हम से क़ुबूल फ़रमाइए। बिला शुब्हा आप खूब सुनने वाले हैं, जानने वाले हैं, ऐ हमारे परवरदिगार! हमको अपना और ज़्यादा ताबेदार बना लीजिए और हमारी औलाद में से भी एक ऐसी जमाअत (पैदा) कीजिए जो आपकी फ़रमांबरदार हो और (यह कि) हमको हमारे हज (वग़ैरह) के हुक्म भी बतला दीजिए और हमारे हाल पर तवज्जोह रखिए और हक़ीक़त में आप ही हैं तवज्जोह फ़रमाने वाले, मेहरबानी करने वाले। ऐ हमारे परवरदिगार! और उस जमाअत के अन्दर उन्हीं में का एक ऐसा पैग़म्बर भी मुक़र्रर कीजिए जो उन लोगों को आप की आयतें पढ़-पढ़ कर सुनाया करें और उनको (आसमानी) किताब की और ख़ुशफ़हमी की तालीम दिया करें और उनको पाक कर दें। बिला शुब्हा आप ही हैं, बड़ी ताक़त वाले, ज़बरदस्त हिक्मत वाले।

ख़ासियत—कुछ अल्लाह वाले बुज़ुर्गों का क़ौल है कि इस आयत को बिल्लौरी बरतन पर ज़ाफ़रान और गुलाब से लिख कर काले अंगूर के पानी से धोकर इसमें कुछ कहरबा और कुछ काफ़ूर और कुछ शकर मिला कर पीने से ख़ूनी बवासीर को नफ़ा करता है।

९. हैज़ की ज़्यादती से हिफ़ाज़त

وَمَا مُحَمَّدٌ إِلَّا رَسُولٌ قَدْ خَلَتْ مِن قَبْلِهِ الرُّسُلُ أَفَإِن مَّاتَ أَوْ
قُتِلَ انقَلَبْتُمْ (پ ۴ ع ۵)

व मा मुहम्मदुन इल्ला रसूलुन क़द ख़ल त मिन क़ब्लिहिर्रुसुलु अ फ़ इम मा त औ क़ुतिलन्क़लब्तुम०

—पारा ४, रुकूअ ५

तर्जुमा—और मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) तेरे रसूले पाक हैं, (ख़ुदा तो नहीं) आप से पहले और भी बहुत रसूल गुज़र चुके हैं, सो अगर आपका इंतिक़ाल हो जाए या आप शहीद हो जाएं तो क्या तुम लोग (जिहाद या इस्लाम) से ऐसे फिर जाओगे?

ख़ासियत—अगर किसी औरत का ख़ून जारी हो जाए तो इस आयत को तीन परचों पर लिखे, एक परचा उसके अगले दामन में बांध दे और एक पिछले दामन में, एक नाफ़ के नीचे।

१०. नक्सीर के लिए

१. जिसको नक्सीर जारी हो तो ऊपर वाली आयत को लिखकर मरीज़ की दोनों आंखों के दर्मियान नाक के ऊपर बांध दे।

२. नक्सीर के लिए— وَقِيلَ يَا أَرْضُ ابْلَعِي مَاءَكِ وَيَا سَمَاءُ أَقْلِعِي وَغِيضَ الْمَاءُ
وَقُضِيَ الْأَمْرُ وَالْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِينَ فَسَيَكْفِيكَهُمُ اللّٰهُ وَهُوَ السَّمِيعُ

الظّٰلِمِيْنَ۝

व क़ील या अर्ज़ुब लई मा अ कि व या समाउ अक़्लि ओ व ग़ीज़ल मा उ व क़ुज़ियल अम्रु व क़ीलल्हम्दु लिल्लाहि रब्बिल आल मी न फ़ स यक्फ़ी क हुमुल्लाहु व हुवस्समी अुल अलीम०

कतान से पाक कपड़े पर लिख कर हाथ पर बांध दिया जाए।

३. नक्सीर के लिए—नक्सीर वाले के सर पर हाथ रख कर ये आयतें पढ़ो और आखिर में यह कह दो कि ऐ नक्सीर! बन्द हो जा खुदा के हुक्म से। आयतें ये हैं—

إِنَّ اللّٰهَ يُمْسِكُ السَّمٰوٰتِ وَالْأَرْضَ أَنْ تَزُوْلَا وَلَئِنْ زَالَتَا إِنْ أَمْسَكَهُمَا

مِنْ أَحَدٍ مِّنْ بَعْدِهٖ إِنَّهٗ كَانَ حَلِيْمًا غَفُوْرًا ۝ وَقِيْلَ يٰأَرْضُ ابْلَعِيْ مَاءَكِ وَيٰسَمَاءُ

أَقْلِعِيْ وَغِيْضَ الْمَاءُ وَقُضِيَ الْأَمْرُ وَاسْتَوَتْ عَلَى الْجُوْدِيِّ وَقِيْلَ بُعْدًا لِّلْقَوْمِ الظّٰلِمِيْنَ۝

इन्नल्ला ह युम्सिकुस्समावाति वल अर ज़ अन तज़ूला व लइन ज़ाल ता इन अम्स क हुमा मिन अ हदिम मिन बअ्दिही इन्नहू का न हलीमन ग़फ़ूरा० व क़ी ल या अर्ज़ुब्लई मा अ कि व या समाउ अक़्लि ई व ग़ीज़ल मा उ व क़ुज़ियल अम्रु वस्तवत अलल जूदीयि व क़ी ल बुअ्दल लिल क़ौमिज़्ज़ालिमीन०

११. मर्ज़

وَبِالْحَقِّ أَنْزَلْنٰهُ وَبِالْحَقِّ نَزَلَ ۚ وَمَا أَرْسَلْنٰكَ إِلَّا مُبَشِّرًا وَّنَذِيْرًا ۝

(پارہ ۱۵، رکوع ۱۲)

१. व बिल हक़्क़ि अन्ज़ल्नाहु व बिल हक़्क़ि न ज़ल व मा अर्सल्ना क इल्ला मुबश्शिरंव व नज़ीरा०— पारा १५, रुकूअ १२

तर्जुमा—और हमने दुरुस्ती ही के साथ नाज़िल किया और वह दुरुस्ती ही के साथ नाज़िल हो गया और हमने आपको सिर्फ़

ख़ुशी सुनाने वाला और डराने वाला बना कर भेजा है।

ख़ासियत—हर मर्ज़ व हर दर्द के वास्ते मरज़ की जगह पर हाथ रख कर इन आयतों को पढ़ कर तीन मर्तबा दम कर दे। इन्शा-अल्लाहु तआला बहुत जल्द सेहत होगी।

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِيْ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْأَرْضَ وَجَعَلَ الظُّلُمٰتِ وَالنُّوْرَ ثُمَّ

الَّذِيْنَ كَفَرُوْا بِرَبِّهِمْ يَعْدِلُوْنَ ۝ (پارہ ۷، رکوع ۷)

२. अल-हम्दु लिल्लाहिल्लज़ी ख़ ल क़स्समावाति वल अर ज़ व ज अ लज़्ज़ुलुमाति वन्नू र सुम मल्लज़ी न कफ़रू बिरब्बिहिम यअ्-दिलून०   पारा ७, रुकूअ ७

तर्जुमा—तमाम तारीफ़ें अल्लाह ही के लायक़ है जिसने आसमान को और ज़मीन को पैदा किया और अंधेरियों और रोशनी को बनाया, फिर भी काफ़िर लोग (दूसरों को) अपने रब के बराबर क़रार देते हैं।

ख़ासियत—जो आदमी इस आयत को सुबह व शाम सात बार पढ़ कर अपने बदन पर हाथ फेरे, तमाम दर्द व आफ़तों से बचा रहे।

وَمَا لَنَا أَلَّا نَتَوَكَّلَ عَلَى اللّٰهِ وَقَدْ هَدٰىنَا سُبُلَنَا ۚ وَلَنَصْبِرَنَّ عَلٰى مَا آذَيْتُمُوْنَا ۚ

وَعَلَى اللّٰهِ فَلْيَتَوَكَّلِ الْمُتَوَكِّلُوْنَ ۝ (پارہ ۱۳، رکوع ۱۴)

३. व मा लना अल्ला न त वक्क ल अलल्लाहि व क़द हदाना सुबु ल ना व ल नस्बि रन्न अला मा आ ज़ैतुमूना व अलल्लाहि फ़ल् य त वक्कलिल मुतवक्किलून०   —पारा १३, रुकूअ १४

तर्जुमा—और हमको अल्लाह पर भरोसा न करने की कौन सी बात वजह बन सकती है, हालांकि उसने हमको (दोनों जहाँ के मनाफ़े) के रास्ते बता दिए और तुमने जो कुछ हमको तक्लीफ़ पहुंचायी है, हम उस पर सब्र करेंगे और अल्लाह ही पर भरोसा करने

वालों को भरोसा करना चाहिए।

ख़ासियत—जिसके हाथ-पैर में दर्द हो या उसको नज़र हो उसको लिख कर तावीज़ बना कर बांध दे, इन्शाअल्लाह ठीक हो जाएगा।

४. सूरः अल-हाक़्क़ा (पारा २६)

ख़ासियत—हामिला के बांधने से बच्चा हर आफ़त से बचा रहे। अगर बच्चा पैदा होने के वक़्त इसका पढ़ा हुआ पानी मुंह में लगायें तो वह बुद्धिमान हो और हर मर्ज़ और हर आफ़त से, जिसमें बच्चे मुब्तला हो जाते हैं, बचा रहे और अगर ज़ैतून के तेल पर पढ़ कर बच्चे के मल दें, तो बहुत फ़ायदा पहुंचे और सब कीड़ों-मकोड़ों और तक्लीफ़ पहुंचाने वाले जानवरों से बचा रहे और यह तेल तमाम जिस्मानी दर्दों के लिए फ़ायदेमंद है।

५. सूरः ग़ाशियः (पारा ३०)

ख़ासियत—खाने पर दम करने से उसके नुक़सान से बचा रहे और दर्द पर पढ़ने से सुकून हो।

६. सूरः अबी लहब (पारा ३०)

ख़ासियत—अगर लिख कर दर्द की जगह बांध दिया जाए तो कम हो जाए और अंजाम बेहतर हो।

१२. सर दर्द के लिए

لَا يُصَدَّعُونَ عَنْهَا وَلَا يُنزِفُونَ ٥ (पारा २७, रुकूअ १...)

१. ला युसद्दअू न अन्हा व ला यन्ज़िफ़ून०

—पारा २७, रुकूअ १...

ख़ासियत—इससे उनको न सर दर्द होगा और न इससे अक़्ल में ख़राबी होगी।

ख़ासियत—जिसको सर-दर्द हो, उस पर तीन बार पढ़ कर दम कर दे, इन्शाअल्लाहु तआला जाता रहेगा।

२. सूरः तकासुर (पारा ३०)

ख़ासियत—अस्र की नमाज़ के बाद सर-दर्द और शक़ीक़े पर दम करना फ़ायदेमंद है।

३. बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम०

ख़ासियत—रूम के क़ैसर ने हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु की ख़िदमत में सर दर्द की शिकायत अर्ज़ की। आपने एक टोपी सिलवा कर भेज दी। जब तक वह टोपी सर पर रहती, दर्द को सुकून रहता और जब उसको उतारता, फिर दर्द होने लगता। उसको ताज्जुब हुआ और खोल कर उस टोपी को देखा तो उसमें फ़क़त 'बिस्मिल्लाह' लिखी थी।

४. सर-दर्द के लिए—रमज़ान के आख़िरी जुमा में यह आयत लिखकर रखले, ज़रूरत के वक़्त काम में लाये—

أَلَمْ تَرَ إِلَىٰ رَبِّكَ كَيْفَ مَدَّ الظِّلَّ وَلَوْ شَاءَ لَجَعَلَهُ سَاكِنًا ثُمَّ جَعَلْنَا
الشَّمْسَ عَلَيْهِ دَلِيلًا ثُمَّ قَبَضْنَاهُ إِلَيْنَا قَبْضًا يَسِيرًا

अ लम त र इला रब्बि क कैफ़ मद्दज़्ज़िल्ल व लौ शा अ ल ज अ ल हू साकि नन सुम्म ज अ ल्नश्शम्स अलैहि दलीला० सुम्म क़बज़्नाहु इलैना क़ब्ज़ंय्यसीरा०

५. शक़ीक़ा के लिए—यह आयत पढ़ कर दम कर दें—

قُلْ مَن رَّبُّ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ
قُلِ اللَّهُ قُلْ أَفَاتَّخَذْتُم مِّن دُونِهِ أَوْلِيَاءَ لَا يَمْلِكُونَ لِأَنفُسِهِمْ نَفْعًا وَلَا ضَرًّا

क़ुल मर्रब्बुस्समावाति वल अर्ज़ि क़ुलिल्लाहु क़ुल अ फ़त्त ख़ज़्तुम मिन दूनिही औ लिया अ ला यम्लिकू न लिअन्फ़ुसिहिम नफ़्अंव

ला वर्रा०

१३. दाढ़ का दर्द

१. बसरा में एक शख़्स दाढ़ का दर्द झाड़ता था और कंजूसी की वजह से किसी को बतलाता न था। जब मरने लगा, उस वक़्त क़लम व दावात मंगा कर यह अमल बतलाया। वह झाड़ यह है—

الٓمّٓصٓ ۔ الٓمّٓرٰ ۔ كٓهٰيٰعٓصٓ ۔ حٰمٓ عٓسٓقٓ ۔ اللّٰهُ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ رَبُّ الْعَرْشِ الْعَظِيْمِ
اُسْكُنْ بِكٓهٰيٰعٓصٓ ذِكْرُ رَحْمَتِ رَبِّكَ عَبْدَهٗ زَكَرِيَّا ۔ اُسْكُنْ بِالَّذِيْ اِنْ يَّشَاْ يُسْكِنِ الرِّيْحَ فَيَظْلَلْنَ رَوَاكِدَ
عَلٰى ظَهْرِهٖ اُسْكُنْ بِالَّذِيْ سَكَنَ لَهٗ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ وَهُوَ السَّمِيْعُ الْعَلِيْمُ

अलिफ़-लाम-मीम-स्वाद, रा-लाम-मीम, काफ़-हा-या-ऐन-स्वाद हा-मीम-ऐन-सीन-क़ाफ़, अल्लाहु ला इला ह इल्ला हु व रब्बुल अर्शिल अज़ीम उस्कुन बि काफ़-हा-या-ऐन-स्वाद ज़िक्रु रह्मति रब बि क अब द हू ज़ क रीया उस्कु न बिल्ल ज़ी इंय्य शा उ युस्किनिर्री ह फ़ यज़्लल न रवा कि द अला ज़हिरही उस्कुन बिल्लज़ी स क न लहू मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल अर्ज़ि व हुवस्समीउल अलीम०

२. दाढ़ के दर्द के लिए एक दूसरा—

لِكُلِّ نَبَاٍ مُّسْتَقَرٌّ وَّسَوْفَ تَعْلَمُوْنَ۝

लि कुल्लि न ब इम्मुस्त क़र्रुंव व सौ फ़ तअ् ल मून०। छोटे से काग़ज़ पर लिखकर दाढ़ के नीचे दबाये।

दाढ़ के दर्द के लिए—जब किसी को इसकी शिकायत हो, उससे कह दो, जिस दाढ़ में दर्द है, उसको दाहिने हाथकी शहादत की उंगली से पकड़े और बात करते वक़्त उसको न छोड़े, फिर सूरः फ़ातिहा मय बिस्मिल्लाह सात बार पढ़ो और उससे पूछो कि तेरा नाम क्या है ? वह नाम बतलाये। फिर सूरः फ़ातिहा मय बिस्मिल्लाह सात बार पढ़ो और पूछो कि तेरी मां का क्या नाम है ? वह इसका नाम बतलाये। फिर फ़ातिहा मय बिस्मिल्लाह सात बार पढ़ो और पूछो, तेरे दर्द कहां है ! वह कहे दाढ़ में है। फिर सूरः फ़ातिहा मय बिस्मिल्लाह सात बार पढ़ो और उससे कहो कि ख़ुदा के हुक्म से उस को कील दूं ? वह कहे हां, फिर इसी तरह सूरः फ़ातिहा मय बिस्मिल्लाह सात बार पढ़ो और उससे कहो कि थोड़ी देर जाकर आराम करे, बल्कि सो रहे तो बेहतर है। इन्शाअल्लाहु तआला सुकून हो जाएगा।

३. जिधर के हिस्से में दर्द हो, उस ओर से गाल पर हाथ फेरता जाए और यह आयत पढ़ता जाए—

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۝ اَوَلَمْ يَرَ الْاِنْسَانُ اَنَّا خَلَقْنٰهُ مِنْ نُّطْفَةٍ
فَاِذَا هُوَ خَصِيْمٌ مُّبِيْنٌ۝

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम०अ व लम् यरलइंसानु अन्ना ख़लक़्ना हु मिन नुत्फ़तिन फ़ इज़ा हु व ख़सीमुम मुबीन०

और आयतल कुर्सी और ये आयतें पढ़े—

وَلَهٗ مَا سَكَنَ فِي الَّيْلِ وَ
النَّهَارِ وَهُوَ السَّمِيْعُ الْعَلِيْمُ ۝ ثُمَّ سَوّٰىهُ وَنَفَخَ فِيْهِ مِنْ رُّوْحِهٖ وَجَعَلَ لَكُمُ السَّمْعَ
وَالْاَبْصَارَ وَالْاَفْئِدَةَ ۝ وَنُنَزِّلُ مِنَ الْقُرْاٰنِ مَا هُوَ شِفَآءٌ وَّرَحْمَةٌ لِّلْمُؤْمِنِيْنَ۝

व लहू मा स क न फ़िल्लैलि वन्नहारि व हु वस्स मीउल अलीम सुम म सव्वा हु व न फ़ ख फ़ीहि मिर्रू हि ही व ज अ ल लकुमुस्सम् अ वल अब्सा र वल अफ़ इ द त व नुनज़्ज़िलु मिनल क़ुरआनि मा हु व शिफ़ा उंव व रह्मतुल्लिल मुअ्मिनी न०

१४. कान का दर्द

قُلْ مَنْ يَّرْزُقُكُمْ مِّنَ السَّمَآءِ وَالْاَرْضِ اَمَّنْ يَّمْلِكُ السَّمْعَ وَالْاَبْصَارَ وَمَنْ يُّخْرِجُ

الْحَيَّ مِنَ الْمَيِّتِ وَيُخْرِجُ الْمَيِّتَ مِنَ الْحَيِّ وَمَنْ يُدَبِّرُ الْأَمْرَ فَسَيَقُولُونَ اللَّهُ فَقُلْ أَفَلَا
تَتَّقُونَ ○ (پاره ١١ رکوع ٩)

१. कुल मंय्यर्ज़ु क़ुकुम मिनस्समाइ वल अर्ज़ि अम्मयं यम्लि-कुस्सम अ वल अब्सा र मंय्युख्रिजुल हय य मिनल मय्यिति व युख्रि-जुल मय य त मिनल हय्यि व मंय्युदब्बिरुल अम् र फ़ स यक़ूलूनल्लाहु फ़ क़ुल अ फ़ ला त त्तक़ून०

—पारा ११, रुकूअ ९

तर्जुमा—आप (इन मुश्रिकों से) कहिए कि (बतलाओ) वह कौन है जो तुमको आसमान और ज़मीन से रोज़ी पहुंचाता है या (यह बतलाओ) वह कौन है जो (तुम्हारे) कानों और आंखों पर पूरा अख़्तियार रखता है। और वह कौन है जो जानदार (चीज़) को बे-जान (चीज़) से निकालता है और बेजान (चीज़) को जानदार से निकालता है और वह कौन है जो तमाम कामों की तद्‌बीर करता है। (उनसे ये सवाल कीजिए) सो ज़रूर वे (जवाब में) यही कहेंगे कि (इन सब का करने वाला) अल्लाह (है) तो उनसे कहिए कि फिर (शिर्क से) क्यों नहीं परहेज़ करते?

ख़ासियतें—यह आयत बच्चे की पैदाइश में आसानी और कान में दर्द और रोज़ी में सहूलत के लिए मीठे कद्दू की पोस्त पर स्याही से लिखकर बच्चा जननेकी तक्लीफ़ में पड़ी औरत के दाहिने बाज़ू पर बांध देने से पैदाइश में सहूलत होती है और क़लईदार तांबे की तश्तरी पर अर्क़ गोंदना से लिख कर साफ़ शहद से धोकर आग पर पका कर जिसके कान में दर्द हो, तीन बूंदें छोड़ दे, इन्शाअल्लाहु तआला नफ़ा हो और जो काग़ज़ पर लिख कर नीले कपड़े में तावीज़ बना कर दाहिने बाज़ू पर बांधे, रोज़ी के रास्तों के खुलने में आसानी हो।

१५. आंख का आना

१. इन हर्फ़ों को ब हर्फ़े मुकर्रर नौचंदी हफ़्ते में लिख कर, धोकर पिए, तो साल भर तक आंख आने से बचा रहे। वे हुरूफ़ यह हैं—

الٓمٓ. الٓمٓصٓ. الٓمٓرٰ. الٓرٰ. كٓهٰيٰعٓصٓ. طٰهٰ. طٰسٓمٓ. طٰسٓ. يٰسٓ. صٓ.
قٓ. نٓ.

अलिफ़-लाम-मीम, अलिफ़-लाम-मीम-स्वाद, अलिफ़-लाम-मीम-रा, अलिफ़-लाम-रा, काफ़-हा-या-ऐन-स्वाद, त्वा-हा, त्वा-सीम-मीम, त्वा-सीन, या-सीन, स्वाद, क़ाफ़, नून०

قَالُوا تَاللَّهِ لَقَدْ آثَرَكَ اللَّهُ عَلَيْنَا وَإِنْ كُنَّا لَخَاطِئِينَ ○ قَالَ لَا تَثْرِيبَ
عَلَيْكُمُ الْيَوْمَ يَغْفِرُ اللَّهُ لَكُمْ وَهُوَ أَرْحَمُ الرَّاحِمِينَ ○ اذْهَبُوا بِقَمِيصِي هَٰذَا
فَأَلْقُوهُ عَلَىٰ وَجْهِ أَبِي يَأْتِ بَصِيرًا وَأْتُونِي بِأَهْلِكُمْ أَجْمَعِينَ ○ (پاره ١٣ رکوع ٤)

२. क़ालू तल्लाहि······वअ्तूनी बिअह्लिकुम अज्मईन०

—पारा १३, रुकूअ ४

तर्जुमा—वे कहने लगे कि ख़ुदा की क़सम! कुछ शक नहीं तुमको अल्लाह तआला ने हम पर फ़ज़ीलत दी और बेशक हम (इस में) ग़लती पर थे। (ख़ुदा के लिए) माफ़ कर दो। यूसुफ़ (अलैहिस्सलाम) ने फ़रमाया कि नहीं तुम पर आज कोई इल्ज़ाम नहीं। अल्लाह तआला तुम्हारा क़ुसूर माफ़ करे और वह सब मेहरबानों से ज़्यादा मेहरबान है। अब तुम मेरा यह कुर्ता (भी) लेते जाओ और इसको मेरे बाप के चेहरे पर डाल दो, (इससे) उनकी आंखें रोशन हो जाएंगी। (और यहां तशरीफ़ ले आएंगे) और अपने (बाक़ी) घर वालों को (भी), सब को मेरे पास ले आओ।

ख़ासियत—यह आयत आंख के तमाम दर्द व तक्लीफ़ और आंख की सफ़ेदी के वास्ते, जिनके इलाज से डाक्टर परेशान हो गये हों, नफ़ा देने वाली है—

सुर्मा असफ़ हानी एक जुज़, एलवा आधा जुज़, मूंगा आधा जुज़ ज़ाफ़रान या मीरान चीनी, समुन्दर झाग आधा-आधा जुज़, नागर नोथा आधा जुज़, ख़रीफ़ की अव्वल बारिश का पानी और नहर और चश्मे का पानी जो जुमेरात के दिन दिसम्बर के महीने में सूरज निकलने से पहले लिया गया हो (और एक नुस्ख़े में जनवरी है) फिर ये सब दवाएं अलग-अलग पीस कर और सबको मिला कर, फिर सब को हरे पेड़ के पानी में पीसे और सूखने तक फिर उन को ख़रीफ़ की बारिश के पानी में पीस कर सुखाए, फिर तीसरी बार दिसम्बर या जनवरी के साथ पीसे, फिर चौथी बार शहद में जिसको आग न लगी हो और सिरके में पीसे, जब सूख जाए इन सब आयतों को शीशे के बर्तन में ज़ाफ़रान से लिख कर और जनवरी के पानी से धोकर फिर सबको उस पानी में पीस कर पांचवीं बार सुखा ले और हर मर्ज़ के लिए उसका इस्तेमाल करे।

الله نور السموت والارض مثل نوره كمشكوة فيها مصباح المصباح
في زجاجة الزجاجة كانها كوكب دري يوقد من شجرة مبركة زيتونة لا
شرقية ولا غربية يكاد زيتها يضيء ولو لم تمسسه نار نور على نور يهدي
الله لنوره من يشاء ويضرب الله الامثال للناس والله بكل شيء عليم في
بيوت اذن الله ان ترفع ويذكر فيها اسمه يسبح له فيها بالغدو والاصال
رجال لا تلهيهم تجارة ولا بيع عن ذكر الله واقام الصلوة وايتاء الزكوة
يخافون يوما تتقلب فيه القلوب والابصار ليجزيهم الله احسن ما عملوا و
يزيدهم من فضله والله يرزق من يشاء بغير حساب (پ ١٨ ع ١١)

३. अल्लाहु नूरुस्समावाति……बिग़ैरि हिसाब०

—पारा १८, रुकूअ ११

ख़ासियत—अगर आयी हुई आंख पर रोज़ाना सुबह के वक़्त ऊपर की आयतें तीन बार पढ़ कर दम किया करे, इ शाअल्लाहु तआला आंख ठीक हो जाएगी।

४. सूरः हाम-मीम सज्दा (पारा २४)

ख़ासियत—इसको लिख कर बारिश के पानी से धोकर उस में सुर्मा पीस कर लगाने से या ख़ुद उस पानी से आंख धोने से सफ़ेदी और आंख न आने और नाख़ूने वग़ैरह को नफ़ा होता है।

५. सूरः मुल्क (पारा २९)

ख़ासियत—आयी आंख पर तीन दिन तक तीन बार हर दिन दम करने से आराम हो जाए।

६. आंख आने पर यह लिख कर बांध दिया जाए—

اذهبوا بقميصي هذا فالقوه
على وجه ابي يات بصيرا ۔ فكشفنا عنك غطاءك فبصرك اليوم حديد

इज़्हबू बि क़मीसी हाज़ा फ़ अल्क़ूहु अला वज्हि अबी यानि बसीरा फ़क शफ़्ना अन क ग़िता अ क फ़ ब स रुकल यौ म हदीद०

१६. आंख का दर्द

१. सूरः फ़ातिहा

ख़वास—फ़ज्र की सुन्नत व फ़र्ज़ के दर्मियान ४१ बार पढ़ कर आंख पर दम करने से दर्द जाता रहता है और दूसरे मर्ज़ों के लिए भी फ़ायदेमंद और आज़माया हुआ है और बड़ी शर्त यह है कि आमिल व मरीज़ दोनों अच्छे अक़ीदे के हों।

१७. गुर्दे का दर्द

१. सूरः ईलाफ़ (पारः ३०)

ख़वास—खाने पर दम करके खाने से हर क़िस्म के नुक़सान व तुख़्मे से बचा रहे और गुर्दे के दर्द में फ़ायदेमंद है।

१८. पथरी को तोड़ कर निकाले

१. सूरः अ लम नश्रह् (पारा ३०)

ख़ासियत—सीने पर दम करने से तंगी और दिल के दर्द को सुकून हो। इसका पीना पथरी को चूर-चूर करके निकाल देता है।

१९. पसली का दर्द (नमूनिया)

وَإِن يَمْسَسْكَ اللَّهُ بِضُرٍّ فَلَا كَاشِفَ لَهُ إِلَّا هُوَ ۖ وَإِن يَمْسَسْكَ بِخَيْرٍ فَهُوَ عَلَىٰ كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ ﴿١٧﴾ وَهُوَ الْقَاهِرُ فَوْقَ عِبَادِهِ ۚ وَهُوَ الْحَكِيمُ الْخَبِيرُ

१. व इंय्यम्सस्कल्लाहु बि जुर्रिन फ़ ला काशि फ़ लहू इल्ला हु व व इंय्यम्सस् क बिख़ैरिन फ़ हु व अला कुल्लि शैइन क़दीर० व हुवल क़ाहिरु फ़ौक़ अिबादिही वहु वल हकीमुल ख़बीर०

—पारा ७, रुकूअ ८

तर्जुमा—और अगर तुझको अल्लाह तआला कोई तक्लीफ़ पहुंचाएं तो उसका दूर करने वाला सिवाए अल्लाह तआला के और कोई नहीं और अगर तुझको कोई नफ़ा पहुंचाएं, तो वह हर चीज़ पर क़ुदरत रखने वाले हैं और वही अल्लाह तआला अपने बन्दों के ऊपर ग़ालिब हैं, बरतर हैं और वही बड़ी हिक्मत वाले और पूरी ख़बर रखने वाले हैं।

ख़ासियत—ये आयतें रात के आख़िर में काग़ज़ पर लिख कर जिस शख़्स को पसली या नमूनिया या हाथों में दर्द हो, उसको

बांध दें, इन्शाअल्लाहु तआला शिफ़ा होगी और जिस शख़्स को ज़्यादा रंज व ग़म हो, इन आयतों को सोते वक़्त सात बार पढ़ कर सो रहे। जिस वक़्त जागेगा, रंज व ग़म सब दूर होता मालूम होगा।

२०. आंख की रोशनी

فَكَشَفْنَا عَنكَ غِطَاءَكَ فَبَصَرُكَ الْيَوْمَ حَدِيدٌ [illegible]

१. फ क शफ़्ना अन् क ग़िता अ क फ़ बसुरु कल यौ म हदीद०

—पारा २६, रुकूअ १२

तर्जुमा—सो अब हमने तुझ पर से तेरा परदा (ग़फ़लत का) हटा दिया। आज (तो) तेरी निगाह बड़ी तेज़ है।

ख़ासियत—इस आयत को हर नमाज़ के बाद तीन बार उंगली पर पढ़ कर दम करके आंखों पर लगाये, इन्शाअल्लाहु तआला रोशनी में कमी न होगी, बल्कि जितना नुक़सान हो गया होगा, वह भी जाता रहेगा।

بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ إِنَّا أَنزَلْنَاهُ فِي لَيْلَةِ الْقَدْرِ ﴿١﴾ وَمَا أَدْرَاكَ مَا لَيْلَةُ الْقَدْرِ ﴿٢﴾ لَيْلَةُ الْقَدْرِ خَيْرٌ مِّنْ أَلْفِ شَهْرٍ ﴿٣﴾ تَنَزَّلُ الْمَلَائِكَةُ وَالرُّوحُ فِيهَا بِإِذْنِ رَبِّهِم مِّن كُلِّ أَمْرٍ ﴿٤﴾ سَلَامٌ هِيَ حَتَّىٰ مَطْلَعِ الْفَجْرِ ﴿٥﴾

२. बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम० इन्ना अन्ज़ल्नाहु फ़ी लैलतिल क़द्रि० व मा अद्रा क मा लैलतुल क़द्रि० लैलतुल क़द्रि ख़ैरुम मिन अल्फ़ि शह्र० तनज़्ज़लुल मलाइकतु वर्रूहु फ़ीहा बि इज़्नि रब्बिहिम मिन कुल्लि अम् रिन सलामुन हि य हत्ता मत् ल अिल फ़ज्रि०

ख़ासियत—जो शख़्स वुज़ू के बाद आसमान की तरफ़ नज़र करके एक बार पढ़ लिया करे, तो इन्शाअल्लाहु तआला उसकी रोशनी में कमी न होगी।

३. सूरः कुव्विरत (पारा ३०)

खासियत—इसको पढ़ कर आंख पर दम करने से रोशनी बढ़े और आंख का आना और जाला दूर हो।

४. अत्तारिक़ (क़द दान)

खासियत—जिसको सांस की घुटन या थकन या जिस्म की ऐंठन हो, इसको लिख कर बदन पर फेर दे और पिए तो नफ़ा हो और अगर रोशनी कमज़ोर हो तो अपनी आंख पर फेरे, निगाह में तरक्क़ी हो।

२१. बुखार व कंपन

१. सूरः अंकबूत (पारा ३०)

खासियत—चौथिया के वास्ते इसको लिख कर पानी से धोकर पिए। ग़म व सुस्ती दूर करने, खुशी हासिल करने और दिल खोलने के लिए भी मुफ़ीद है।

२. सूरः लुक़मान (पारा २१)

खासियत—इसको लिख कर पीने से पेट की सब बीमारियां और बुखार और तिजारी और चौथिया जाता रहता है और उसको पढ़ने से डूबने से बचा रहे।

२२. मिरगी के लिए

१. एक अल्लाह वाले बुज़ुर्ग की लौंडी को मिरगी थी। उन्होंने उसके कान में यह पढ़ा—

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ٥ الٓمّٓصٓ ٥ طٰسٓمٓ ٥ كٓهٰيٰعٓصٓ ٥ يٰسٓ ٥ وَالْقُرْاٰنِ الْحَكِيْمِ ٥ حٰمٓ ٥
عٓسٓقٓ ٥ نٓ وَالْقَلَمِ وَمَا يَسْطُرُوْنَ ٥

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम० अलिफ़-लाम-मीम-स्वाद, त्वा-सीम मीम, काफ़-हा-या-ऐन-स्वाद, या-सीन० वल् कुरआनिल हकीम० हामीम, ऐन-सीन-क़ाफ़, नून, वल-क़ ल मि व मा यस्तुरून० वह बिल्कुल अच्छी हो गयी और फिर मिरगी नहीं उठी।

२. रजब की नौचन्दी जुमेरात को चांदी के नग पर हर्फ़ खुदवा कर पहने तो हर डर से अम्न में रहे। अगर हाकिम के पास जाए तो उसकी क़द्र हो और सब काम पूरे हों और अगर ग़ज़बनाक आदमी के सर पर हाथ फेर दे तो उसका गुस्सा जाता रहे और अगर प्यास की तेज़ी में उसको चूस ले तो सुकून हो जाए और अगर बारिश के पानी में उसको रात के वक़्त डाल कर सुबह को नहार मुंह पिए, तो हाफ़िज़ा मज़बूत हो जाए और जो बेकार आदमी पहने, काम में लग जाए और अगर मिरगी वाले को पहनाया जाए तो मिरगी जाती रहे। वे हुरूफ़ ये हैं—

الٓمّٓ ٥ الٓمّٓصٓ ٥ الٓمّٓرٰ ٥ كٓهٰيٰعٓصٓ ٥ طٰهٰ
طٰسٓ ٥ طٰسٓمٓ ٥ يٰسٓ ٥ صٓ ٥ حٰمٓ ٥ حٰمٓ عٓسٓقٓ ٥ قٓ ٥ نٓ وَالْقَلَمِ وَمَا يَسْطُرُوْنَ ٥

अलिफ़-लाम-मीम, अलिफ़-लाम-मीम-स्वाद, अलिफ़-लाम-मीम-रा, काफ़-हा-या-ऐन-स्वाद, त्वा-हा, त्वा-सीन, त्वा-सीम-मीम, या-सीन, स्वाद, हा-मीम, हामीम, ऐन-सीन-क़ाफ़, क़ाफ़, नून, वल क़ लमि व मा यस्तुरून०

३- सूरः अब्स (पारा ३०)

खासियत—मिरगी वाले और बेहोशी वाले के कान में पढ़ना मुफ़ीद है और उसका पानी बुखार वाले को नफ़ा पहुंचाएगा।

२३. फ़ालिज के लिए

इब्ने क़ुतैबा ने एक फ़ालिज मारे शख़्स से नक़ल किया है कि मैंने

ज़मज़म के पानी से दावात दुरुस्त, करके और उससे एक बर्तन में 'बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम और आख़िरी सूरः हश्र की आयतें—

هُوَ اللّٰهُ الَّذِيْ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۚ عٰلِمُ الْغَيْبِ وَالشَّهَادَةِ ۚ هُوَ الرَّحْمٰنُ الرَّحِيْمُ ۝ هُوَ اللّٰهُ الَّذِيْ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۚ اَلْمَلِكُ الْقُدُّوْسُ السَّلٰمُ الْمُؤْمِنُ الْمُهَيْمِنُ الْعَزِيْزُ الْجَبَّارُ الْمُتَكَبِّرُ ۚ سُبْحٰنَ اللّٰهِ عَمَّا يُشْرِكُوْنَ ۝ هُوَ اللّٰهُ الْخَالِقُ الْبَارِئُ الْمُصَوِّرُ لَهُ الْاَسْمَآءُ الْحُسْنٰى ۚ يُسَبِّحُ لَهٗ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ۚ وَهُوَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ۝ وَنُنَزِّلُ مِنَ الْقُرْاٰنِ مَا هُوَ شِفَآءٌ وَّرَحْمَةٌ لِّلْمُؤْمِنِيْنَ ۙ وَلَا يَزِيْدُ الظّٰلِمِيْنَ اِلَّا خَسَارًا ۝

हुवल्लाहुल्लज़ी······व ला यज़ीदुज़्ज़ालिमी न इल्ला ख़सारा॰

लिख कर ज़मज़म से धोकर पी लिया, अल्लाह तआला ने शिफ़ा अता फ़रमायी—

२४. लक़वा कूलंज के लिए

قَدْ نَرٰى تَقَلُّبَ وَجْهِكَ فِي السَّمَآءِ ۚ فَلَنُوَلِّيَنَّكَ قِبْلَةً تَرْضٰىهَا ۖ فَوَلِّ وَجْهَكَ شَطْرَ الْمَسْجِدِ الْحَرَامِ ۚ وَحَيْثُ مَا كُنْتُمْ فَوَلُّوْا وُجُوْهَكُمْ شَطْرَهٗ ۗ وَاِنَّ الَّذِيْنَ اُوْتُوا الْكِتٰبَ لَيَعْلَمُوْنَ اَنَّهُ الْحَقُّ مِنْ رَّبِّهِمْ ۗ وَمَا اللّٰهُ بِغَافِلٍ عَمَّا يَعْمَلُوْنَ ۝

[illegible]

१. क़द नरा ······बिग़ाफ़िलिन अम्मा यअ् मलून॰

—पारा २, रुकूअ १

तर्जुमा—हम आप के मुंह का (यह) बार-बार आसमान की तरफ़ उठना देख रहे हैं, इस लिए हम आपको उसी क़िब्ले की तरफ़ मुतवज्जह कर देंगे, जिसके लिए आपकी मर्ज़ी है (लो) फिर अपना चेहरा (नमाज़ में) मस्जिदे हराम (काबा) की तरफ़ किया कीजिए और तुम सब लोग भी जहां कहीं भी मौजूद हो, अपने चेहरे को उसी (मस्जिदे हराम) की तरफ़ कर लिया करो और ये अहले

किताब भी यक़ीनन जानते हैं कि यह (हुक्म) बिल्कुल ठीक है (और) उनके परवरदिगार की तरफ़ से (है) और अल्लाह तआला उनकी कार्रवाइयों से कुछ बे-ख़बर नहीं है।

ख़ासियत—यह आयत कूलंज और लक़वा और रियाह के लिए फ़ायदेमंद है, जो शख़्स इसमें मुब्तला हो, क़लई और तांबे की तश्तरी लेकर उसको ख़ूब साफ़ करके उससे यह आयत मुश्क व गुलाब से लिख कर पाक पानी से धोकर लक़वा वाले का मुंह धुलाया जाए और मुंह धोने के बाद उस तश्तरी में तीन घंटे तक नज़र रखे, इस तरह तीन दिन-तक करे और रियाह और फ़ालिज वाले पर वह पानी छिड़का जाए।

२. सूरः ज़िल ज़ाल (पारा ३०)

ख़ासियत—बग़ैर इस्तेमाल वाले तश्त में इसका पानी पीना लक़वे में मुफ़ीद है।

२५. कोढ़ के लिए

१. कोढ़ वग़ैरह को नफ़ा देने वाले अमल वग़ैरह—इब्ने क़ुतैबा ने कहा कि किसी कोढ़ वाले ने, जिसका गोश्त बिल्कुल गिरने लगा था, किसी बुज़ुर्ग से शिकायत की। उन्होंने यह आयत पढ़ कर फूंका, नयी खाल निकल आई और अच्छा हो गया—

وَاَيُّوْبَ اِذْ نَادٰى رَبَّهٗ اَنِّيْ مَسَّنِيَ الضُّرُّ وَاَنْتَ اَرْحَمُ الرّٰحِمِيْنَ ۝

व अय्यू ब इज़ नादा रब्बहू अन्नी मस्सनियज़्ज़ुर्रु व अन् त अर्ह-र्रा हि मीन॰

२६. सफ़ेद दाग़ के लिए

१. अल-मजीदु (बुज़ुर्ग)

ख़ासियत—अगर सफ़ेद दाग़ वाला अय्यामे बीज़ (चांद की

१३-१४-१५) में रोज़ा रखे और हर रोज़ इफ़्तार के वक़्त उसको ज़्यादा से ज़्यादा पढ़े, इन्शाअल्लाह मर्ज़ अच्छा हो जाए।

२. कलबी रह० से एक शख़्स ने हिकायत बयान की कि मुझको सफ़ेद दाग़ हो गया था, किसी के पास न बैठ सकता था। एक बुज़ुर्ग से मुलाक़ात हुई। उन्होंने यह आयत पढ़ कर फ़रमाया, मुंह खोल। मैंने मुंह खोल दिया। उन्होंने मेरे मुंह में थूक दिया। अल्लाह तआला ने शिफ़ा बख़्श दी। आयत यह है—

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۝ اِنِّىْ قَدْ جِئْتُكُمْ بِاٰيَةٍ مِّنْ رَّبِّكُمْ اَنِّىْ اَخْلُقُ
لَكُمْ مِّنَ الطِّيْنِ كَهَيْئَةِ الطَّيْرِ فَاَنْفُخُ فِيْهِ فَيَكُوْنُ طَيْرًا بِاِذْنِ اللّٰهِ وَاُنَبِّئُكُمْ بِمَا
تَاْكُلُوْنَ وَمَا تَدَّخِرُوْنَ فِىْ بُيُوْتِكُمْ اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ لَاٰيَةً لَّكُمْ اِنْ كُنْتُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ۝

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम० इन्नी क़द जिअ्तुकुम बि आय तिम मिर्रब्बिकुम इन्नी अख़्लुक़ु लकुम मिनत्तीनि क हैअतित्ति फ़अन्फ़ुख़ु फ़ीहि फ़ यकूनु तैरम बिइज़्निल्लाहि व उनब्बिउकुम बिम ताकुलू न व मा तद्दख़िरू न फ़ी बुयूतिकुम इन न फ़ी ज़ालि क ल आय तल्लकुम इन कुन्तुम मुअ्मिनी न०

२७. ख़ारिश के लिए

१. किसी शख़्स को ख़ारिश हो गयी थी और किसी तद्बीर फ़ायदा न होता था। एक क़ाफ़िले के साथ मक्के को चला और चल ने आजिज़ होकर क़ाफ़िले से पीछे रह गया। हज़रत अली कर्रमल्ला वज्हहू के मज़ार पर ठहर गया। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ख़्वाब में देखा और अपने मर्ज़ की शिकायत अर्ज़ की। आपने आयत पढ़ी—

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۝ ثُمَّ خَلَقْنَا النُّطْفَةَ عَلَقَةً فَخَلَقْنَا الْعَلَقَةَ مُضْغَةً فَخَلَقْنَا الْمُضْغَةَ

عِظٰمًا فَكَسَوْنَا الْعِظٰمَ لَحْمًا ثُمَّ اَنْشَاْنٰهُ خَلْقًا اٰخَرَ فَتَبٰرَكَ اللّٰهُ اَحْسَنُ الْخٰلِقِيْنَ ۝

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम० फ़ कसौनल अिज़ा म लहमन सुम् म अन्शानाहु ख़ल्क़न आ ख़ र फ़ तबारकल्लाहु अहसनुल ख़ालिक़ीन०

सुबह को अच्छा-ख़ासा उठा।

२८. दाद

१. एक धागा लेकर उसमें यह आयत तीन बार पढ़ कर तीन गिरह लगाये और वह धागा मरीज़ के बांध दिया जाए।

وَمَثَلُ كَلِمَةٍ خَبِيْثَةٍ كَشَجَرَةٍ خَبِيْثَةِ ِۨاجْتُثَّتْ مِنْ فَوْقِ الْاَرْضِ مَا لَهَا
مِنْ قَرَارٍ ۝

व म स लु कलिमतिन ख़बीस तिन क श ज रतिन ख़बीसति-निज्तुस्सत मिन फ़ौक़िल अर्ज़ि मा ल हा मिन क़रार०

فَاَصَابَهَآ اِعْصَارٌ فِيْهِ نَارٌ فَاحْتَرَقَتْ ۝ (پاره ۳ رکوع ۴)

२. फ़ अ सा ब हा इअ् सारुन फ़ीहि नारुन फ़ह्त र क़ त०

—पारा ३, रुकूअ ४

तरकीबे अमल—तो उस आयत पर एक तावीज़ बनाया जाए, जिसमें दाग़ (का असर) हो, फिर वह दाग़ जल जाए।

ख़ासियत—दाद पर लिख देने से दाद ख़त्म हो जाता है।

२९. [illegible] के लिए

[illegible] का अमल—और मैंने हज़रत वाजिद से सुना, फ़रमाते हैं कि जब चेचक की बीमारी ज़ाहिर हो तो नीला धागा ले और उस पर सूरः रहमान पढ़े और जितनी बार फूं—

فَبِأَيِّ آلَاءِ رَبِّكُمَا تُكَذِّبَانِ

फ़बिअय्यि आलाइ रब्बिकुमा तुकज़्ज़िबान०

पर पहुंचे तो एक गिरह दे और उस पर फूंक डाल और धागे को लड़के की गरदन में बांध दे, हक़ तआला उसको उस बीमारी से आराम देगा।

३०. उम्मुस्सिबयान

الٓمٓ ۝ اللَّهُ لَا إِلَٰهَ إِلَّا هُوَ الْحَيُّ الْقَيُّومُ ۝ نَزَّلَ عَلَيْكَ الْكِتَابَ بِالْحَقِّ مُصَدِّقًا لِمَا بَيْنَ يَدَيْهِ وَأَنْزَلَ التَّوْرَاةَ وَالْإِنْجِيلَ ۝ مِنْ قَبْلُ هُدًى لِلنَّاسِ وَأَنْزَلَ الْفُرْقَانَ ۝ [illegible]

१. अलिफ़-लाम-मीम० अल्लाहु ला इला ह इल्ला हुवल हय्युल क़य्यूम० नज़्ज़ ल अलै कल किता ब बिल हक़्क़ि मुसद्दिक़ल्लिमा बै न यदैहि व अन्ज़लत्तौरा त वल् इंजी ल मिन क़ब्लु हुदल्लिन्नासि व अन्ज़ लल् फ़ुर्क़ान०   पारा ३, रुकूअ ९

तर्जुमा—अलिफ़-लाम-मीम। अल्लाह तआला ऐसे हैं कि उनके सिवा कोई माबूद बनाने के क़ाबिल नहीं और वह ज़िंदा (जावेद) हैं, सब चीज़ों के संभालने वाले हैं। अल्लाह तआला ने आपके पास क़ुरआन भेजा है, जानकारी के साथ इस तरह कि वह तस्दीक़ करता है उन (आसमानी) किताबों को, जो इससे पहले आ चुकी हैं और इसी तरह भेजा था तौरेत और इंजील को इससे पहले के लोगों की हिदायत के वास्ते और अल्लाह तआला ने भेजे मोजज़े।

ख़ासियत—मुश्क, गुलाब, ज़ाफ़रान से लिख कर एक नरकुल में, जो सूरज निकलने से पहले काटा गया हो, रख कर उसके मुंह पर मोम लगा कर लड़के के गले में लटका दिया जाए, तो मुर्गी और उम्मुस्सिबयान, बुरी नज़र और तमाम हादसों से बचा

२. सूरः फ़लक़ और सूरः नास (पारा ३०)

ख़ासियत—हर क़िस्म के दर्द व बीमारी, जादू और बुरी नज़र वग़ैरह के लिए पढ़ना और दम करना और लिख कर बांधना मुफ़ीद है। और सोते वक़्त पढ़ने से हर क़िस्म की आफ़त से बचा रहे और अगर लिख कर बच्चे के बांध दे तो उम्मुस्सिबयान वग़ैरह से हिफ़ाज़त रहे और अगर हाकिम के सामने जाने के वक़्त पढ़ ले तो उस की बुराई से बचा रहे।

३१. उज़्व का ढीला पड़ना (फ़ालिज)

إِنَّمَا يَسْتَجِيبُ الَّذِينَ يَسْمَعُونَ ۘ وَالْمَوْتَىٰ يَبْعَثُهُمُ اللَّهُ ثُمَّ إِلَيْهِ يُرْجَعُونَ ۝ [illegible]

१. इन्नमा यस्तजी बुल्लज़ी न यस्मऊ न वल् मौता यब्असुहु-मुल्लाहु सुम् म इलैहि युर्जऊन०   —पारा ७, रुकूअ १०

तर्जुमा—वही लोग क़ुबूल करते हैं, जो सुनते हैं और मुर्दों को अल्लाह तआला ज़िंदा करके उठाएंगे, फिर सब अल्लाह ही की तरफ़ लाए जाएंगे।

ख़ासियत—जिसकी आंख में कुछ ख़राबी हो या किसी उज़्व में ढीलापन हो, तीन दिन लगातार रोज़ा रखे और दूध व शकर से इफ़्तार करे और आधी रात के वक़्त उठ कर तांबे के क़लम से ज़ाफ़रान व गुलाब से अपने या दूसरे मरीज़ के दाहिने हाथ पर लिख कर चाट ले, तीन दिन तक ऐसा ही करे।

३२. हड्डी टूट जाना

فَإِنْ تَوَلَّوْا فَقُلْ حَسْبِيَ اللَّهُ لَا إِلَٰهَ إِلَّا هُوَ ۖ عَلَيْهِ تَوَكَّلْتُ ۖ وَهُوَ رَبُّ الْعَرْشِ الْعَظِيمِ

१. फ़ इन तवल्लौ फ़क़ुल हस्बियल्लाहु ला इला ह इल्ला हु व अलैहि तवक्कल्तु व हु व रब्बुल अर्शिल अज़ीम०

—पारा ११, रुकूअ ५

ख़ासियत—हज़रत अबूदर्दा रज़ि०से नक़ल किया गया है कि जो शख़्स इस आयत को हर दिन सौ बार पढ़े, दुनियां व आख़िरत की मुहिमों के लिए काफ़ी है और एक रिवायत में है कि वह आदमी गिर कर, डूब कर और चोट खाकर न मारेगा, और लैस बिन साद से नक़ल किया गया है कि किसी शख़्स की रान में चोट आ गयी थी, जिससे वह टूट गयी थी। कोई शख़्स उसके सपने में आया और कहा कि जिस मौक़े में दर्द है, उस जगह अपना हाथ रख कर यह आयत पढ़ो, पस उसकी रान अच्छी हो गयी और उसकी ख़ासियत यह भी है कि उस को लिखकर, बांध कर जिस हाकिम के सामने, जिस काम के लिए जाए, उसकी ज़रूरत अल्लाह के हुक्म से पूरी करे।

२३. नींद आना

إِنَّ اللّٰهَ وَمَلٰٓئِكَتَهٗ يُصَلُّوْنَ عَلَى النَّبِيِّ ۚ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا
صَلُّوْا عَلَيْهِ وَسَلِّمُوْا تَسْلِيْمًا ۝

१. इन्नल्ला ह व मलाइ क त हू युसल्लू न अलन्नबीयि या ऐ युहल्ल जी न आ म नू सल्लू अलैहि व सल्लिमू तस्लीमा०

ख़ासियत—इसको पढ़ने से नींद ख़ूब आती है।

२४. निस्यान (भूलना)

१. अर्रहमानु (बड़े मेहरबान)

ख़ासियत—हर नमाज़ के बाद सौ बार पढ़ने से दिल की ग़फ़लत और भूलने का मर्ज़ दूर हो।

२५. पेशाब रुक जाना

१. इब्नुलकलबी ने लिखा है कि किसी शख़्स का पेशाब रुक था। एक फ़ाज़िल ने यह आयत लिख कर बांध दी—

فَفَتَحْنَآ اَبْوَابَ السَّمَآءِ بِمَآءٍ مُّنْهَمِرٍ ۝ وَّفَجَّرْنَا الْاَرْضَ عُيُوْنًا فَالْتَقَى الْمَآءُ
عَلٰٓى اَمْرٍ قَدْ قُدِرَ ۝

फ़ फ़तह्ना अब्वाबस्समाइ बिमाइम मुन्हमिर० व फ़ज्जर्नल अर ज़ुयूनन फ़ल तक़ल माउ अला अम्रिन क़द क़ुदिर०

उसको शिफ़ा हो गयी।

२६. एहतलाम

وَالسَّمَآءِ وَالطَّارِقِ ۝ وَمَآ اَدْرٰىكَ مَا الطَّارِقُ ۝ النَّجْمُ الثَّاقِبُ ۝ اِنْ كُلُّ
نَفْسٍ لَّمَّا عَلَيْهَا حَافِظٌ ۝ فَلْيَنْظُرِ الْاِنْسَانُ مِمَّ خُلِقَ ۝ خُلِقَ مِنْ مَّآءٍ دَافِقٍ ۝
يَّخْرُجُ مِنْ بَيْنِ الصُّلْبِ وَالتَّرَآئِبِ ۝ اِنَّهٗ عَلٰى رَجْعِهٖ لَقَادِرٌ ۝ يَوْمَ تُبْلَى
السَّرَآئِرُ ۝ فَمَا لَهٗ مِنْ قُوَّةٍ وَّلَا نَاصِرٍ ۝

१. वस्समाइ वत्तारिक़ि० व मा अद्रा क मत्तारिक़ु० अन्नजु-इक़िबु० इन कुल्लु नफ़्सिल्लम्मा अलैहा हाफ़िज़० फ़ल् यन्ज़ुरिल जानु मिम मा ख़ुलिक़० ख़ुलि क़ मिम माइन दाफ़िक़- यख़्रुजु मिम बैनिस्सुल्बि वत्तराइबि० इन्नहू अला रज्अि ही ल क़ादिर० यौ म तुब्लस्सराइर० फ़ मा लहू मिन क़ूवतिव व ला नासिर०

सोते वक़्त पढ़ने से एहतलाम से हिफ़ाज़त रहती है।

२. अगर पूरी सूरः नूह सोते वक़्त पढ़ ले तो एहतलाम से महफ़ूज रहे।

९७. परेशान ख़्वाब

१. सूरः मआरिज (पारा २९)

फ़ायदा—सोते वक़्त पढ़ने से जनाबत और परेशान ख़्वाब से बचा रहे।

لَهُمُ الْبُشْرٰى فِي الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا وَفِي الْاٰخِرَةِ ۚ لَا تَبْدِيْلَ لِكَلِمٰتِ اللّٰهِ ۚ ذٰلِكَ هُوَ الْفَوْزُ الْعَظِيْمُ

२. लहुमुल बुशरा फ़िल हयातिद्दुन्या व फ़िल आख़िरति ला तब्दी ल लिकलिमातिल्लाहि ज़ालि क हुवल फ़ौज़ुल अज़ीम०

—पारा ११, रुकूअ १२

तर्जुमा—उनके लिए दुनिया की ज़िंदगी में भी और आख़िरत में भी (अल्लाह की तरफ़ से डर व ग़म से बचने की) ख़ुशख़बरी है (और) अल्लाह की बातों में (यानी वायदों में) कुछ फ़र्क़ हुआ नहीं करता। यह (ख़ुशख़बरी, जिसका ज़िक्र किया गया) बड़ी कामियाबी है।

फ़ायदा—जिस को बद-ख़्वाबी होती हो और परेशान ख़्वाब देखता हो, वह इसको लिख कर गले में डाले या सोते वक़्त पढ़ लिया करे, इन्शाअल्लाह बद-ख़्वाबी से महफ़ूज़ रहेगा।

९८. ज़बान का खुलना

१. सूरः बनी इसराईल (पारा १५)

फ़ायदा—अगर ज़ाफ़रान से लिख कर पानी से धोकर लड़के को पिलाए जिसकी ज़ुबान न चलती हो, तो ज़ुबान चलने लगे।

आमाले कुरआनी यानी आसारे सिफ़ाती

हिस्सा सोम

अस्माउल हुस्ना

१. पढ़ने की तर्कीब—

هُوَ اللّٰهُ الَّذِيْ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ جَلَّ جَلَالُهُ الرَّحْمٰنُ جَلَّ جَلَالُهُ الرَّحِيْمُ جَلَّ جَلَالُهُ

हुवल्लाहुल्लज़ी ला इला ह इल्ला हु व जल ल जलालुहुर्रहमानु जल ल जलालुहुर्रहीमु जल ल जलालुहू आख़िर तक इसी तरह पढ़ते चले जाइए—

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम०

اَلْقُدُّوْسُ	اَلْمَلِكُ	اَلرَّحِيْمُ	اَلرَّحْمٰنُ	اَللّٰهُ
अल-क़ुद्दूसु	अल-मलिकु	अर्रहीमु	अर्रहमानु	अल्लाहु
बहुत पाक	सब के बादशाह	निहायत रहम वाले	बड़े मेहरबान	ख़ुदा
اَلْجَبَّارُ	اَلْعَزِيْزُ	اَلْمُهَيْمِنُ	اَلْمُؤْمِنُ	اَلسَّلَامُ

अल-जब्बारु	अल-अज़ीज़ु	अल-मुहैमिनु	अल-मुअ्मिनु	अस-सलामु
दुरुस्त करने वाले	सब से ग़ालिब	निगहबान	ईमान देने वाले	बे-ऐब
اَلْغَفَّارُ	اَلْمُصَوِّرُ	اَلْبَارِئُ	اَلْخَالِقُ	اَلْمُتَكَبِّرُ
अल-ग़फ़्फ़ारु	अल-मुसव्विरु	अल-बारिउ	अल-ख़ालिक़ु	अल-मु त कब्बिरु
बख़्शने वाले	सूरत बनाने वाले	बनाने वाले	पैदा करने वाले	तकब्बुर करने वाले
اَلْعَلِيْمُ	اَلْفَتَّاحُ	اَلرَّزَّاقُ	اَلْوَهَّابُ	اَلْقَهَّارُ
अल-अलीमु	अल-फ़त्ताहु	अर-रज़्ज़ाक़ु	अल-वह्हाबु	अल-क़ह्हारु
जानने वाले	खोलने वाले	रिज़्क़ देने वाले	बड़े देने वाले	बड़े ग़ालिब
اَلْمُعِزُّ	اَلرَّافِعُ	اَلْخَافِضُ	اَلْبَاسِطُ	اَلْقَابِضُ
अल-मुइज़्ज़ु	अर-राफ़िउ	अल-ख़ाफ़िज़ु	अल-बासितु	अल-क़ाबिज़ु
इज़्ज़त देने वाले	बुलंद करने वाले	पस्त करने वाले	खोलने वाले	बंद करने वाले
اَلْعَدْلُ	اَلْحَكَمُ	اَلْبَصِيْرُ	اَلسَّمِيْعُ	اَلْمُذِلُّ
अल-अद्लु	अल-हकीमु	अल-बसीरु	अस-समीउ	अल-मुज़िल्लु
इन्साफ़ करने वाले	फ़ैसला करने वाले	देखने वाले	सुनने वाले	ज़िल्लत देने वाले
اَلْغَفُوْرُ	اَلْعَظِيْمُ	اَلْحَلِيْمُ	اَلْخَبِيْرُ	اَللَّطِيْفُ
अल-ग़फ़ूरु	अल-अज़ीमु	अल-हलीमु	अल-ख़बीरु	अल-लतीफ़ु
बड़े बख़्शने वाले	बुज़ुर्ग	बुर्दबार	ख़बरदार	मेहरबान

اَلْمُقِيْتُ	اَلْحَفِيْظُ	اَلْكَبِيْرُ	اَلْعَلِيُّ	اَلشَّكُوْرُ
अल-मुक़ीतु	अल-हफ़ीज़ु	अल-कबीरु	अल-अलीयु	अश-शकूरु
क़ूवत देने वाले	निगहबान	बड़े	सबसे बुलंद	क़द्रदान
اَلْمُجِيْبُ	اَلرَّقِيْبُ	اَلْكَرِيْمُ	اَلْجَلِيْلُ	اَلْحَسِيْبُ
अल-मुजीबु	अर्रक़ीबु	अल-करीमु	अल-जलीलु	अल-हसीबु
क़ुबूल करने वाले	निगहबान	बख़्शिश करने वाले	बुज़ुर्ग क़द्र	किफ़ायत करने वाले
اَلْبَاعِثُ	اَلْمَجِيْدُ	اَلْوَدُوْدُ	اَلْحَكِيْمُ	اَلْوَاسِعُ
अल-बाइसु	अल-मजीदु	अल-वदूदु	अल-हकीमु	अल-वासिउ
भेजने वाले रसूलों के	बुज़ुर्ग	दोस्तदार	हिकमत वाले	फ़राख़ी वाले
اَلْمَتِيْنُ	اَلْقَوِيُّ	اَلْوَكِيْلُ	اَلْحَقُّ	اَلشَّهِيْدُ
अल-मतीनु	अल-क़वीयु	अल-वकीलु	अल-हक़्क़ु	अश-शहीदु
मज़बूत	तवाना	कारसाज़	ख़ुदाई का सज़ावार	बड़े मौजूद
اَلْمُعِيْدُ	اَلْمُبْدِئُ	اَلْمُحْصِيْ	اَلْحَمِيْدُ	اَلْوَلِيُّ
अल-मुईदु	अल-मुब्दिउ	अल-मुह्सी	अल-हमीदु	अल-वलीयु
लौटाने वाले	पैदा करने वाले	घेरने वाले	तारीफ़ किये गये	मदद करने वाले
اَلْوَاجِدُ	اَلْقَيُّوْمُ	اَلْحَيُّ	اَلْمُمِيْتُ	اَلْمُحْيِيْ
अल-वाजिदु	अल-क़य्यूमु	अल-हय्यु	अल-मुमीतु	अल-मुह्यी
पाने वाले	थामने वाले	ज़िंदा	मारने वाले	ज़िंदा करने वाले

اَلْمُقْتَدِرُ	اَلْقَادِرُ	اَلصَّمَدُ	اَلْوَاحِدُ	اَلْمَاجِدُ
अल-मुक़्तदिरु कुदरत वाले	अल-क़ादिरु तवाना सब पर	अस्समदु बे-नियाज़	अल-वाहिदु अकेले	अल-माजिदु बुज़ुर्गवार
اَلظَّاهِرُ	اَلْآخِرُ	اَلْاَوَّلُ	اَلْمُؤَخِّرُ	اَلْمُقَدِّمُ
अज़्ज़ाहिरु ज़ाहिर	अल-आख़िरु पीछे सबसे	अल-अव्वलु पहले सब से	अल-मुअ-ख़्ख़िरु पीछे करने वाले	अल-मुक़द्दिमु आगे करने वाले
اَلتَّوَّابُ	اَلْبَرُّ	اَلْمُتَعَالِي	اَلْوَالِي	اَلْبَاطِنُ
अत्तव्वाबु तौबा क़ुबूल वाले	अल-बर्रु नेकवार	अल-मुत-आली बुलंद व बरतर	अल-वाली काम बनाने वाले	अल-बातिनु छिपा
مَالِكُ الْمُلْكِ		اَلرَّءُوْفُ	اَلْعَفُوُّ	اَلْمُنْتَقِمُ
मालिकुल मुल्कि मालिक बादशाहत के		अर रऊफ़ु मेहरबान	अल-अफ़ुवु माफ़ करने वाले	अल-मुन्त-क़िमु बदला लेने वाले
اَلْمُغْنِيْ	اَلْغَنِيُّ	اَلْجَامِعُ	اَلْمُقْسِطُ	ذُوالْجَلَالِ وَالْاِكْرَامِ
अल-मुग़्नी तवंगर करने वाले	अल-ग़नीयु बे-परवाह	अल-जामिउ जमा करने वाले	अल-मुक़्सितु इन्साफ़ करने वाले	ज़ुलजलालि वल इकरामि बुज़ुर्गी और इनाम वाले
اَلْهَادِيْ	اَلنُّوْرُ	اَلنَّافِعُ	اَلضَّارُّ	اَلْمَانِعُ

अल-हादी राह दिखाने वाले	अन्नूरु रोशनी वाले	अन्नाफ़िउ नफ़ा पहुंचाने वाले	अज़्ज़ार्रु नुक़सान पहुंचाने वाले	अल-मानिउ रोकने वाले
اَلصَّبُوْرُ	اَلرَّشِيْدُ	اَلْوَارِثُ	اَلْبَاقِيْ	اَلْبَدِيْعُ
अस्सबूरु सब्र करने वाले	अर्रशीदु सीधी तद्बीर वाले	अल-वारिसु मालिक	अल-बाक़ी हमेशा रहने वाले	अल-बदीउ ईजाद करने वाले

ख़ासियतें—अस्मा-ए-हुस्ना (मुबारक नामों) को याद करने और पढ़ने की बरकत से जन्नत में दाख़िले की ख़ुशख़बरी आयी है और उन के वसीले से दुआ मांगना क़ुबूल होने की वजह है। तिर्मिज़ी वग़ैरह में ९९ नाम आये हैं। अस्मा-ए-हुस्ना के आसार व ख़वास बे-शुमार हैं। फ़ज्र की नमाज़ के बाद एक बार पढ़ कर दुआ मांगना बहुत फ़ायदेमंद और भलाई और बरकत की वजह है।

क़ैद और तकलीफ़ पहुंचाने वाले जानवरों से निजात

१. क़ैद से निजात

رَبَّنَا أَخْرِجْنَا مِنْ هٰذِهِ الْقَرْيَةِ الظَّالِمِ أَهْلُهَا وَاجْعَلْ لَّنَا مِنْ لَّدُنْكَ
وَلِيًّا وَاجْعَلْ لَّنَا مِنْ لَّدُنْكَ نَصِيْرًا ۝ (४:७५)

१. रब्बना अख़्रिज्ना मिन हाज़िहिल क़र्यतिज़्ज़ालिमि अह्लुहा

वज्अल्लना मिल्लदुन क वलीयंव वज्अल्लना मिल्लदुन क नसीरा०

—पारा ५, रुकूम ७

तर्जुमा—ऐ परवरदिगार ! हमको (किसी तरह) इस बस्ती (यानी मक्का) से बाहर निकाल, जिसके रहने वाले सख्त ज़ालिम हैं और हमारे वहां ग़ैब से किसी दोस्त को खड़ा कर दीजिए और हमारे लिए ग़ैब से किसी को हामी भेजिए।

खास्सियत—अगर किसी ज़ालिम व बद-कार के बाहर या मौजे में गिरफ्तार हो और वहां से निजात मुश्किल हो, तो इस आयत को कसरत से पढ़ा करे और अल्लाह से अपनी रिहाई के लिए दुआ मांगे, इन्शाअल्लाहु तआला ज़रूर रिहा हो जाएगा।

فَلَمَّا دَخَلُوا عَلَىٰ يُوسُفَ آوَىٰ إِلَيْهِ أَبَوَيْهِ وَقَالَ ادْخُلُوا مِصْرَ إِن شَاءَ
اللَّهُ آمِنِينَ وَرَفَعَ أَبَوَيْهِ عَلَى الْعَرْشِ وَخَرُّوا لَهُ سُجَّدًا وَقَالَ يَا أَبَتِ هَٰذَا تَأْوِيلُ
رُؤْيَايَ مِن قَبْلُ قَدْ جَعَلَهَا رَبِّي حَقًّا وَقَدْ أَحْسَنَ بِي إِذْ أَخْرَجَنِي مِنَ السِّجْنِ وَ
جَاءَ بِكُم مِّنَ الْبَدْوِ مِن بَعْدِ أَن نَّزَغَ الشَّيْطَانُ بَيْنِي وَبَيْنَ إِخْوَتِي إِنَّ رَبِّي لَطِيفٌ
لِّمَا يَشَاءُ إِنَّهُ هُوَ الْعَلِيمُ الْحَكِيمُ (پ١٣ ع٥)

२. फ़लम्मा द ख़लू······हुवल अलीमुल हकीम०

—पारा १३ रुकूम ५

तर्जुमा—फिर जब ये सब के सब यूसुफ़ (अलैहिस्सलाम) के पास पहुंचे तो उन्होंने अपने मां-बाप को अपने पास (अदब के साथ) जगह दी और कहा सब मिस्र में चलिए (और) इन्शाअल्लाहु तआला (वहां) अम्न व चैन से रहिए और अपने मां-बाप को (शाही) तख्त पर ऊंचा बिठाया और सब के सब उनके सामने सज्दे में गिर गये और (यह हालत देख कर वे कहने लगे कि ऐ अब्बा जान ! यह है मेरे ख्वाब की ताबीर, जो पहले ज़माने में देखा था। मेरे रब ने इस

(ख्वाब) को सच्चा कर दिया और मेरे साथ (एक) उस वक्त एहसान फ़रमाया, जिस वक्त मुझको क़ैद से निकाला और इसके बाद कि शैतान ने मेरे और मेरे भाइयों के दर्मियान में फ़साद डलवा दिया था, तुम सब को बाहर से (यहां) ले आया (और सब को मिला दिया) बिला शुब्हा मेरा रब जो चाहता है, उसकी तद्बीर कर देता है। बिला शुब्हा वह बड़ा इल्म और हिक्मत वाला है।

खास्सियत—अगर कोई शख्स ज़ुल्म से क़ैद हो गया हो, तो इन आयतों को लिख कर दाहिने बाज़ू पर बांधे और ज़्यादा से ज़्यादा पढ़े, इन्शाअल्लाहु तआला रिहाई पाए।

३. सूरः फ़ातिहा—एक सौ ग्यारह बार पढ़ कर बेड़ी-हथकड़ी पर दम करने से क़ैदी जल्द रिहाई पाये। रात के आखिर में ४१ बार पढ़ने से बे-मेहनत रोज़ी मिले।

२. चीटियों की ज़्यादती

يَا أَيُّهَا النَّمْلُ ادْخُلُوا مَسَاكِنَكُمْ لَا يَحْطِمَنَّكُمْ سُلَيْمَانُ وَجُنُودُهُ وَ
هُمْ لَا يَشْعُرُونَ (پ١١ ع١٧)

१. या ऐयुहन्नम्लुद् ख़ुलू मसाकि न कुम ला यह्तिमन्नकुम सुलैमानु व जुनूदुहू व हुम ला यशअुरून०

—पारा १६, रुकूम १७

तर्जुमा—ऐ चींटियो ! अपने-अपने सूराखों में जा घुसो, तुमको सुलेमान और उनका लश्कर बे-खबरी में कुचल न डालें।

खास्सियत—अगर चींटियों की ज़्यादती हो तो इस आयत को लिख कर उनके सूराख में रख दे, इन्शाअल्लाहु तआला सब चींटियां अपने सूराख में दाखिल हो जाएंगी।

O

२. मच्छरों की ज़्यादती

ألم تر إلى الذين خرجوا من ديارهم وهم ألوف حذر الموت فقال
لهم الله موتوا ثم أحياهم إن الله لذو فضل على الناس ولكن أكثر الناس
لا يشكرون ٥ (ب۲ ع۱۶)

१. अ लम त र इलल्लज़ी न ख र जू मिन दियारिहिम व हुम उलूफ़ुन ह ज़ र रल मौति फ़ क़ाल ल हुमुल्लाहु मूतू सुम म अह्याहुम इन्नल्ला ह ल ज़ू फ़ज़्लिन अलन्नासि व ला किन न अक्सरन्नासि ला यश्कुरून० —पारा २, रुकूअ १६

तर्जुमा—(ऐ मुखातब !) तुमको उन लोगों का क़िस्सा मालूम नहीं हुआ जो कि अपने घरों से निकल गये थे और वे लोग हज़ारों ही थे मौत से बचने के लिए, सो अल्लाह तआला ने उनके लिए (हुक्म) फ़रमा दिया कि मर जाओ (सब मर गये) फिर, उनको जिला दिया। बेशक अल्लाह तआला बड़ा फ़ज़्ल करने वाले हैं लोगों (के हाल) पर, मगर अक्सर लोग शुक्र नहीं करते। (इस क़िस्से पर ग़ौर करो।)

खासियत—तश्त में स्याही से लिख कर शीरा बर्ग़ फ़ या शीरा बर्ग ज़ैतून में धोकर घर में छिड़कने से, जितने सांप-बिच्छू, पिस्सू, मच्छर होंगे, इन्शाअल्लाहु तआला सब मर जाएंगे और जुमेरात के दिन सुबह के वक़्त ज़ैतून के चार पत्तों पर लिख कर एक एक मकान के एक कोने में दफ़्न कर दिया जाए।

وما لنا ألا نتوكل على الله وقد هدانا سبلنا ولنصبرن
على ما آذيتمونا وعلى الله فليتوكل المتوكلون ٥ (ب۱۳ ع۱۴)

२. व मा लना अल्ला न त वक्क ल अलल्लाहि व क़द हदाना सुबु ल ना व ल नस्बिरन न अला मा आ ज़ैतुमूना व अलल्लाहि फ़ल यत वक्क लिल मु त वक्किलून० —पारा १३, रुकूअ १४

ABDUL RAB ROOHANI ELAZ
Shaikh Abdul Gafar
Majhikhanda,Niali,Cuttack
Odisha,India
Mail Id:-bdulgafarshaikh@gmail.com
gtelteleservice754004@gmail.com
Mob:+919861478787
ISSUU.COM/ABDUL23
ISSUU.COM/SHAIKHBDULGAFAR